


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 198

ग्वालियर, शुक्रवार, 08 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट में इमरान सरकार से जुड़े मामले में सुनवाई शुरू

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष की ओर से विवादित व्यवस्था के तहत प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने और राष्ट्रपति द्वारा संसद को भंग करने के अहम मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई फिर से शुरू की। प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति एजाज़-उल अहसन, न्यायमूर्ति मज़हर आलम खान मियांखाइल, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर और न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखाइल शामिल हैं। पीठ ने सुबह में मामले की सुनवाई शुरू की। खबर के मुताबिक, बंदियाल ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के वकील सीनेटर अली जफर से पूछा कि अगर सबकुछ संविधान के मुताबिक चल रहा है, तब मुल्क में संवैधानिक संकट कहां है? जफर की ओर से अपनी दलीलें पूरी करने के दौरान बंदियाल की यह टिप्पणी आई। एक बार तो, बंदियाल ने वकील से पूछा कि वह यह क्यों नहीं बता रहे हैं कि देश में संवैधानिक संकट है या नहीं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, अगर सब कुछ संविधान के मुताबिक हो रहा है, तब संकट कहां है? सुनवाई के दौरान मियांखाइल ने जफर से पूछा कि क्या प्रधानमंत्री जन प्रतिनिधि हैं ? तो वकील ने हां में जवाब दिया। मियांखाइल ने पूछा कि क्या संसद में संविधान का उल्लंघन होने पर



प्रधानमंत्री को बचाया जाएगा? इस पर ज़फर ने जवाब दिया कि संविधान की रक्षा उसमें बताए गए नियमों के मुताबिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए हर अनुच्छेद को ध्यान में रखना होगा। बंदियाल ने पूछा कि तब क्या होगा जब सिर्फ एक सदस्य के साथ नहीं, बल्कि पूरी असेंबल के साथ अन्याय हो। उपाध्यक्ष कासिम सूरी के वकील नईम बुखारी और सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल खालिद जावेद खान को मामले पर सरकार का विचार रखने वाले मुख्य वकील हैं। न्यायालय ने बुधवार को कथित विदेशी साजिश के बारे में और जानकारी के लिये सरकार से राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) की बैठक के विवरण मांगे थे और इस बात पर अपना फैसला टाल दिया कि क्या इमरान खान ने अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने के बजाय संसद को भंग करा संविधान का उल्लंघन किया है या नहीं। नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष सूरी ने अविश्वास प्रस्ताव से सरकार को गिराने की तथाकथित विदेशी साजिश से जुड़े होने का हवाला देकर उसे खारिज कर दिया था। कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री खान की सलाह पर नेशनल असेंबली को भंग कर दिया था। अदालत पर जल्द से जल्द सुनवाई पूरी करने और फैसला देने का दबाव है, जो उपाध्यक्ष की व्यवस्था और असेंबली को भंग करने सहित उसके बाद की घटनाओं की वैधता तय करेगा।

## मोदी सरकार के खिलाफ फिर आंदोलन करने को तैयार किसान: टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने मोदी सरकार को चेतावनी देकर फिर से आंदोलन शुरू करने की बात कही है। टिकैत ने कहा कि सरकार चुनाव से पहले



किसानों से किये वादे भूल गई है। उन्होंने किसानों से आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा है। टिकैत का कहना है, कि केंद्र सरकार ने पिछले साल किसानों से किए वादों को अभी तक नहीं निभाया। टिकैत ने कहा कि अभी आंदोलन की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन तैयारी पूरी है। टिकैत ने कहा कि सरकार ने तीन कृषि कानून वापस लेने के साथ ही सरकार ने कई और भी वादे किए थे। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून, उचित मूल्य पर बिजली, सिंचाई जैसे वादे किए थे, लेकिन अभी तक कोई वादा पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी आंदोलन की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन आंदोलन की तैयारी पूरी है। टिकैत ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद सरकार किसानों से किए वादे भूल गई है।

## आवश्यक वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों के कारण जनता घुट-घुट कर जीने को मजबूर : मायावती

**लखनऊ)।** आसमान छूती मंहगाई को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जनता अब पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस आदि आवश्यक वस्तुओं



की बढ़ती कीमतों के कारण घुट-घुट कर जीने को मजबूर है। बसपा मुखिया मायावती ने गुरूवार ट्वीटर के माध्यम से लिखा कि देश में बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी की जबर्दस्त मार व तनाव झेल रही जनता अब पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस आदि आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण घुट-घुट कर जीने को मजबूर है, यह अति-चिन्ताजनक है। केन्द्र सरकार इस मामले को जरूर गंभीरता से ले। मालूम हो कि बसपा मुखिया ने इससे पहले भी महंगाई को लेकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा और कहा था कि देश के पांच राज्यों में विधान सभा आम चुनाव संपन्न होने के बाद अब तक उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में डीजल व पेट्रोल आदि के कई बार दाम बढ़ चुके हैं, जिसकी सीधी मार गरीब एवं मध्यम वर्गो पर पड़ रही है। केन्द्र सरकार इसे कम करने हेतु उचित कदम जरूर उठाये। गौरतलब हो कि पेट्रोल-डीजल में हो रही बढ़ोतरी को लेकर यूपी के सभी विपक्षी दल केन्द्र सरकार पर हमलावर है।

# दिल्ली में लू चलने के आसार, 40 डिग्री तक चढ़ सकता है राजधानी का तापमान



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में सूरज का ताप लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को लू चलने के आसार हैं और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि शहर में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री से। दर्ज किया गया, जो मौसम के इस वक्त के लिए सामान्य है। मौसम कार्यालय ने बताया कि अगले कुछ दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि गुरुवार को क्षेत्र में लू चलेगी और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मैदानी इलाकों के लिए 'लू' की घोषणा तब की जाती है जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होता है और सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है। मौसम कार्यालय ने बताया कि शहर में अगले चार से पांच दिनों तक लू चलने का अनुमान है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 39 फीसदी दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी हुई और गुरुवार सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 271 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

### धूप और गर्म हवा की जुगलबंदी, लगी आग जैसी तपन

#### प्रदेश में गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं, लू के थपेड़ों से बढ़ रही परेशानी

**भोपाल।** गर्मी रौद्र रूप दिखाने लगी है। सुबह-शाम उसम और दोपहर में झुलसाने वाली गर्मी ने जनजीवन बेहाल कर दिया है। चिलचिलाती धूप और लपटों की जुगलबंदी, झुलसाने वाली गर्मी का अहसास कराने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी के तेवर अब और तीखे होते जाएंगे। प्रदेश के तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव रहा। दिन का पारा 44 से नीचे आया है तो रात का पारा 26 के पास पहुंच गया है। बीते 24 घंटों में आठ जिलों में लू का प्रभाव रहा। प्रदेश में सबसे गर्म राजगढ़ रहा। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। मौसम जानकारों की मानें तो अलग-अलग जगह तीन मौसम सिस्टम एक्टिव हैं। एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उसके आसपास ट्रफ के रूप में बना है। दक्षिण-पूर्वी मप्र पर ऊपरी भाग में चक्रवात बना है। इस चक्रवात से लेकर तमिलनाडु तक भी एक ट्रफ एक्टिव है। इससे हवा का रुख बार-बार बदल रहा है। हवा में नमी नहीं होने के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। पड़ोसी राज्यों से पड़ रही गर्मी और वहां से आने वाली गर्म हवाओं से प्रदेश का तापमान बढ़ रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों की बात करें तो खरगोन, होशंगाबाद, राजगढ़ में पारा 43 के ऊपर बना हुआ है। राजगढ़ में 43.3, खरगोन में 43.2, होशंगाबाद में 43.1, खंडवा-खजुराहो में 42.5, रतलाम में 42.2, नौगांव में 42.1, नरसिंहपुर-सीधी में 42, गुना-सतना में 41.8, सागर में 41.6, ग्वालियर में 41.5, रीवा में 41.4, दतिया-टीकमगढ़ में 41.3, धार-उज्जैन-सिवनी-उमरिया में 41.2 डिग्री अधिकतम तापमान रहा। न्यूनतम तापमान सागर में सबसे ज्यादा रहा। सागर में 25.6, रतलाम में 23, खंडवा-छिंदवाड़ा-सीधी में 22.4, इंदौर में 22.2, गुना-शाजापुर-दमोह-जबलपुर-नरसिंहपुर में 22, राजगढ़-सतना में 21.8, होशंगाबाद में 21.6, टीकमगढ़ 21.4, धार में 21.3, भोपाल में 21 डिग्री तापमान रहा।

## उत्तराखंड में अगले तीन दिन मौसम बना रहेगा शुष्क, बढ़ सकता है तापमान

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम शुष्क है और पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। फिलहाल बारिश के आसार भी ?दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में गर्मी अभी और परीक्षा ले सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा और तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मार्च सूखा बीतने के बाद अप्रैल में भी बारिश का इंतजार बरकरार है। मैदान से लेकर पहाड़ी इलाकों तक में चिलचिलाती धूप पसीने छुड़ा रही है। अधिकतम पारे में उछाल के चलते दिन में भीषण गर्मी का एहसास हो रहा है। ज्यादातर इलाकों में पारा सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अरब सागर से उठने वाला पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बेहद धीमी है। ऐसे में उत्तराखंड में फिलहाल बारिश के आसार कम हैं। अगले तीन दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में और वृद्धि हो सकती है। पहाड़ों में दोपहर बाद मध्यम हवाएं चलने की संभावना है। गंगोत्री से गोमुख तपोवन ट्रैक पर गया पहला पर्यटक दल लौट आया है। इस दल में छह पर्यटक और एक गाइड व सात पोर्टर शामिल थे। गोमुख तपोवन में जाने वाला यह दल सीजन का पहला पर्यटक दल है। गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट 1 अप्रैल को खुले, जिसके बाद माउंट हाई विंड ट्रैकिंग एंड माउंटेनरिंग के नेतृत्व में यह दल 3 अप्रैल को गंगोत्री गोमुख तपोवन के लिए रवाना हुआ। माउंट हाई विंड ट्रैकिंग एंड माउंटेनरिंग के संचालक जयेंद्र राणा का कहना है कि इस सीजन का यह पहला दल है जो गंगोत्री-गोमुख तपोवन की ट्रैकिंग करके लौटा है। इस दल के साथ गाइड प्रदीप राणा व प्रशिक्षित पोर्टर भेजे गए थे। टीम के पास पूरे संसाधन थे।

## अहमद मुर्तजा की मानसिक हालत का ध्यान रखें सरकार: अखिलेश यादव



### केशव मौर्य बोले- अखिलेश को एक आरोपी पर खुलेआम टिप्पणी नहीं करनी चाहिए

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृहनगर गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के बाहर सुरक्षा कर्मियों पर हमले को लेकर राजनीति गर्मा गई है। दरअसल, इस हमले का आरोपी अहमद मुर्तजा अब्बासी को लेकर अखिलेश यादव ने बयान दिया है। अखिलेश यादव के बयान पर केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। दरअसल, अखिलेश यादव ने अहमद मुर्तजा अब्बासी के मानसिक हालात को ध्यान रखने का आह्वान किया और बीजेपी सरकार की आलोचना की। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के नेता पर पलटवार किया है। दरअसल, अखिलेश ने कहा कि अभी जो जानकारी आ रही है और उसके पिता ने जो कहा है उसके हिसाब से मुर्तजा को दिमागी समस्याएं थी। उसके साथ बाइपोलर समस्याएं थी। मुझे लगता है कि इस पहलू को भी देखना पड़ेगा। भाजपा तो वह पार्टी है जो बात को ना जाने कितना खींच देती है। दरअसल, अखिलेश यादव का यह बयान कन्नौज में आया जहां वह विधान परिषद चुनाव के सिलसिले में पहुंचे थे। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। केशव मौर्य ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर पर जो हमला हुआ, वह गंभीर घटना है। जांच में जुटी पुलिस का मनोबल तोड़ने और ऐसे अपराध करने वालों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास अखिलेश यादव द्वारा किया गया। उन्हें ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। मैं उनके बयान की भर्त्सना करता हूं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी को हमेशा से आतंकवादियों से जोड़ा गया है। उन्होंने 2013 के आतंकी हमलों के मामले वापस ले लिए थे। मैं आतंकवादियों का मनोबल बढ़ाने के उनके प्रयासों की निंदा करता हूं। केशव मौर्य ने आगे कहा कि अखिलेश को एक आरोपी पर खुलेआम टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। वह पूर्व सीएम हैं। हमारे सुरक्षाकर्मियों ने उसे आतंकवादी संगठनों से जुड़े होने के बाद अपनी जान जोखिम में डालकर पकड़ लिया।

## गोरखनाथ मंदिर पर आतंकी हमले में शक की सुई आईएसआईएस पर टिकी!

### टेलिग्राम पर सामने आया वीडियो, मुर्तजा वाला दिखा हथियार

**लखनऊ।** यूपी के प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले के लेकर जांच एजेंसिया पड़ताल में लगी है ऐसे में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के लिंक की आशंका बलबती हुई है। हमलावर मुर्तजा के आतंकी संगठनों से संपर्क की जांच के बीच एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसमें आईएसआईएस के आतंकी के हाथ में वैसा ही हथियार दिख रहा है, जैसा मुर्तजा ने हाथ में था। 25 मार्च को आईएस इंडिया नाम के संगठन की ओर से जारी किए गए इस वीडियो के बाद इस बात की संभावना बढ़ गई है कि मुर्तजा दुनियाभर में खौफ का पर्याय बन चुके आईएसआईएस का



मोहरा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 4 मिनट का यह वीडियो 25 मार्च को टेलिग्राम पर जारी किया गया था। इसमें मौजूद नकाबपोश आतंकी भारत में चार स्लीपर सेल होने का दावा करते हैं। वीडियो की भाषा बेहद भड़काऊ है। इसमें देशी हथियारों को दिखाय गया है, जिसमें वह गंडासा या बांकी भी शामिल है, जिसे हाथ में लेकर मुर्तजा ने गोरखनाथ मंदिर पर हमला किया था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या इस वीडियो का गोरखपुर हमले से कोई लिंक है? क्या इस वीडियो से आईएसआईएस ने पहले ही हमले का इशारा कर दिया था? क्या मुर्तजा का इस वीडियो से सीधा संबंध है या उसने इस वीडियो को देखने के बाद ही बांकी को हमले के लिए हथियार चुना? इन सवालों का जवाब तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन फिलहाल यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। यूपी पुलिस पहले ही कह चुकी है कि जांच में जो दस्तावेज मिले हैं वे बेहद सनसनीखेज हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुर्तजा के पास मिले लैपटॉप में विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के भड़काऊ भाषण वाले वीडियो मिले हैं।

## कांग्रेस का आरोप, मंहगाई के मामले पर चर्चा करने से भाग खड़ी हुई सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद आरोप लगाया कि सरकार महंगाई के विषय पर चर्चा कराने से भाग खड़ी हुई हैं। कांग्रेस ने दावा भी किया कि सरकार किसान संगठनों के साथ समझौते के संदर्भ में चर्चा नहीं कराना चाहती थी। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ''महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से अधिक की वृद्धि की गई है। रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपये बढ़े हैं। सीएनजी के दाम में भी रोजाना बढ़ोतरी हो रही है। उर्वरक के दाम में वृद्धि की गई है,इससे किसानों को दिक्कत हो रही



है। उन्होंने कहा, हम इस पर चर्चा चाहते थे। लेकिन मोदी सरकार चर्चा करने के लिए तैयार नहीं हुई। खड़गे ने आरोप लगाया कि इसकारण संसद की बैठक को निर्धारित समय से पहले स्थगित करा दिया गया। उन्होंने कहा, एजेंडे में यह था कि दोनों सदन शुक्रवार तक चलने वाले हैं। हम तैयार थे। ऐसा लगता है कि गरीबों, किसानों और युवाओं की समस्याओं को यह सरकार सुलझाना नहीं चाहती। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, ''सदन चलाने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच चर्चा होती है। यह परंपरा है कि जब हम कोई मुद्दा उठाते हैं,तब इस बारे में अध्यक्ष से आग्रह करते हैं या फिर कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में अपनी बात रखते हैं।'' उन्होंने बताया, बीएसी की बैठक में हमारी पार्टी की तरफ से हमने दो मुद्दे रखे थे। हमने आग्रह किया था कि गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांगों पर भी चर्चा होनी चाहिए।

## खास खबर

### सपा विधायक के पेट्रोल पंप पर चला बुलडोजर

**बरेली।** बरेली की भोजीपुरा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक और पूर्व मंत्री शहजिल इस्लाम के कथित तौर पर अवैध रूप से निर्मित पेट्रोल पंप को जिला प्रशासन ने ध्वस्त करा दिया। बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने बताया कि सपा विधायक इस्लाम के बरेली-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर परसाखेड़ा स्थित पेट्रोल पंप को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया क यह पेट्रोल पंप बिना नक्शा पास कराए बनाया गया था, इसके लिए पहले ही नोटिस जारी किया गया था, मगर कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र भी नहीं लिया गया है। गौरतलब है कि सपा विधायक इस्लाम ने दो अप्रैल को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजीव सक्सेना की ओर से आयोजित अपने सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की थी। मामले में उनके खिलाफ चार अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था।

### जम्मू-कश्मीर बैंक से जुड़े मामले में ईडी ने उमर अब्दुल्ला से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) बैंक द्वारा इमारत की खरीद से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से दिल्ली में पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।यह इमारत करीब 12 साल पहले खरीदी गई थी। उन्होंने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता गुरुवार की सुबह संघीय जांच एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे, जहां उनका बयान दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने इस संबंध में इस साल की शुरुआत में मामला दर्ज किया था।

### खिचड़ी खाने से 22 बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा जिले के नांगल थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल में मिड डे मील (मध्यान्ह भोजन) योजना के तहत परोसी गई खिचड़ी खाने से 22 बच्चे बीमार हो गए। इन बच्चों को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया। नांगल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक डॉ.रामजी लाल मीणा ने बताया कि स्कूल के करीब 70 बच्चों ने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत परोसी गई खिचड़ी खाई थी। उन्होंने बताया कि खिचड़ी खाने के बाद 22 बच्चों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत पर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया। डॉ.मीणा ने बताया कि उपचार के बाद सभी बच्चों को घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल के पानी और खिचड़ी के नमूने को जांच के लिये भेजा गया है।

### अपने लिटिल प्रिंस को लेकर घर पहुंची भारती, खुशी से फूलें नहीं समा रही

**मुंबई।** भई वाह...भारती सिंह के घर में इनदिनों जश्न का माहौल है। बेटे के जन्म से कॉमेडियन भारती सिंह की जिंदगी खुशियों से भर गई है। भारती ने हाल ही में अपने बेटे को जन्म दिया है। भारती और हर्ष अब पेरेंटहुड के हर पल को आंनद ले रहे हैं। भारती रातभर जागकर अपने बेबी का खास ख्याल रख रही हैं। सबसे खास बात ये है कि अपने लिटिल प्रिंस को लेकर भारती सिंह अपने घर लेकर जा रही हैं।भारती हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गई हैं। हॉस्पिटल के बाहर से भारती और हर्ष के कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वायरल फोटो में देख सकते हैं, कि लिटिल प्रिंस के डैड हर्ष लिंबाचिया अपने नन्हे बेटे को बड़े प्यार से गोल में लिए हुए हैं। वहीं, भारती उनके साथ साथ नजर आ रही हैं। हमेशा दूसरों को हंसाने वाली भारती के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कुराहट देखकर साफ जाहिर है कि वहां बेटे को अपने घर ले जाते हुए कितनी ज्यादा खुश और एक्साइटेड हैं। फैंस भले ही भारती और हर्ष के बेबी का चेहरा नहीं देख सके। लेकिन कपल के साथ उनके बेबी को देखकर ही खुशी से झूम रहे हैं। आप दोनों के लिए खुश हूं। बहुत सारा प्यार, वेलकम बेबी बॉय।

### आंध्रप्रदेश में रमजान में शाम को एक घंटे पहले ऑफिस छोड़ सकते हैं सरकारी

**हैदराबाद।** रमजान के पाक महीने में आंध्र प्रदेश सरकार ने मुस्लिम समुदाय के कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। बता दें कि आंध्र सरकार ने मुस्लिम समुदाय के कर्मचारियों को शाम के वक्त एक घंटे पहले ऑफिस/स्कूल से जाने की इजाजत दी है। आंध्र ने आदेश में कहा कि सभी सरकारी कर्मचारी, शिक्षक, ठेका कर्मचारी, जो इस्लाम को मानते हैं, उन्हें 3 अप्रैल से 2 मई तक रमजान के महीने के दौरान सभी कार्यदिवसों में शाम को एक घंटे पहले ऑफिस/स्कूल छोड़ने की अनुमति है। झारखंड की राजधानी रांची में तैनात मुस्लिम पुलिसकर्मियों को विशेष छूट दी गई है।

# आईपीएल में भिड़े दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स

## शाम 7.30 बजे से शुरू होगा मैच



**मुंबई** । कप्तान ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) के 15 सत्र में गुरुवार को लोकेश राहुल की लखनऊ सुपरजाइंट्स से मुकाबला करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। राहुल और ऋषभ दोनो ही बेहद प्रतिभाशाली क्रिकेटर होने के साथ ही अपने नेतृत्व कौशल के कारण भारतीय टीम की कप्तानी के दावेदारों में शामिल हैं। ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य बेहतर परिणाम देना रहेगा।

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स से आक्रामक बल्लेबाज डेविड वार्नर जबकि लखनऊ की टीम से ऑल राउंडर मार्कस स्टोइनिस जुड़ेंगे जिससे दोनों ही टीमें ओर बेहतर होंगी। ऐसे में तय है कि कैपिटल्स की टीम टिम सीफर्ट की जगह वार्नर को उतारेगी जबकि स्टोइनिस को लखनऊ की टीम में जगह देने के लिए एंड्रयू टाई या इविन लुईस में से किसी एक को बाहर बैठना होगा। अभी स्टोइनिस के टाइ की जगह पर अंतिम एकादश में शामिल होने की संभावनाएं ज्यादा हैं। दोनों टीम के लिए हालांकि गेंदबाजी चिंता का कारण रही है हालांकि ऑलराउंडर जेसन होल्डर के जुड़ने से सुपरजाइंट्स की टीम बेहतर हुई है। वहीं दूसरी ओर कैपिटल्स की टीम को सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ से अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी।

पिछले दो मैचों में सलामी बल्लेबाज क्विटंन डिकॉक ने चेन्नई को अच्छी शुरुआत दी है। ऐसे में टीम को उनसे इस मैच में भी बेहतर खेल की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के गेंदबाजों को हालांकि दिल्ली के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने से रोकना होगा। कप्तान पंत और पृथ्वी से भी टीम को बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। प्रत्येक मैच के साथ ललित यादव बेहतर हो रहे हैं पर अनुभवी मनदीप सिंह की बल्लेबाजी अब तक खराब रही है।

मनजीत, लॉकी फर्ग्युसन और यहां तक की हार्दिक पंड्या की गेंदों के खिलाफ जिस तरह लेग स्टंप की तरफ गए उससे पता चलता है कि उनका मनोबल गिरा हुआ है। सुपरजाइंट्स की टीम के पास मार्क वुड जैसा कोई तेज गेंदबाज नहीं है। ऐसे में मनदीप को एक और अवसर मिल सकता है पर अगर मनदीप को बाहर किया जाता है तो दिल्ली की टीम के पास उनकी जगह कोना भरत, सरफराज खान और यश धुल में से किसी एक को शामिल कर सकती है। प्रथम श्रेणी सत्र के दौरान सरफराज काफी अच्छी लय में थे जबकि भरत ने पिछले साल आरसीबी के खिलाफ कुछ अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं लखनऊ की ओर से अनुभवी मनीष पांडे के बल्ले की खामोशी से टीम की मुश्किलें बढ़ी हैं। टीम के पास मनन वोहरा और करण शर्मा जैसे खिलाड़ी भी हैं पर इन्हें शायद ही अवसर मिले। वोहरा आईपीएल में एक दशक बिताने के बाद भी अपने को साबित नहीं कर पाये हैं जबकि करण अभी नये हैं।

### दोनो ही टीम इस प्रकार हैं

लखनऊ सुपरजाइंट्स = लोकेश राहुल (कप्तान), मनन वोहरा, इविन लुईस, मनीष पांडे, क्विंटन डिकॉक, रवि बिश्नोई, दुष्मंता चमीरा, शाहबाज नदीम, मोहसिन खान, मयंक यादव, अंकित राजपूत, आवेश खान, एंड्रयू टाइ, मार्कस स्टोइनिस, काइल मेयर्स, करण शर्मा, कृष्णप्पा गौतम, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा, कृणाल पंड्या और जेसन होल्डर।

दिल्ली कैपिटल्स = ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बार, डेविड वार्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी साव, रोवमैन पॉवेल, एनरिक नोर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्ताफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश धुल, केएस भरत और टिम सीफर्ट।

## न्यूज़ ट्रैक....

### कमिंस अपनी रिकार्ड पारी से हैरान

**पुणे** । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस के अर्धशतक की सहायता से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराया। इस दौरान कमिंस ने 15 गेंदों पर 56 रन की आतिशी पारी खेली जिससे अब वह भी हैरान हैं। कमिंस को भरोसा नहीं हो रहा कि वह इस प्रकार की पारी खेलने में सफल रहे हैं। यह केकेआर की 4 मैचों में तीसरी जीत है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के तूफान से केकेआर ने 162 रन का लक्ष्य केवल 16 ओवर में हासिल कर लिया। वहीं मुंबई की लगातार तीसरी हार है। कमिंस ने पारी में चार चौके और छह छक्के लगाए। कमिंस ने केवल 14 गेंदों पर ही अर्धशतक पूरा करके एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। उन्होंने तेज गेंदबाज डेनियल सैम्स के एक ओवर में 35 रन बनाये। कमिंस ने कहा, 'मैं इस पारी से अधिक हैरान हूं। ये रन किस प्रकार बने मुझे नहीं मालूम मैं बहुत अधिक नहीं सोच रहा था। यह वास्तव में संतोषजनक है। ऐसा लग रहा था कि गेंद हवा में तैर रही थी।' उन्होंने कहा कि मैं छोटी बाउंड्री की ओर शॉट खेलने की कोशिश कर रहा था। मैं भाग्यशाली हूं कि टीम ने मुझे अपने साथ जो? रखा। वहीं केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि वे अपनी योजना के अनुसार बढ़ रहे थे पर कमिंस की पारी से हमें पहले ही जीत मिल गयी।

### जापानी एनिमेशन से मिली स्वर्ण जीतने की प्रेरणा : बोरगोहेन

**नई दिल्ली** । देश के प्रमुख एथलेटिक्स टूर्नामेंन फेडरेशन कप की 200 मीटर रेस में स्वर्ण पदक विजेता धावक अमलान बोरगोहेन को यहां तक पहुंचने की प्रेरणा एनीमे (जापानी एनिमेशन) से मिली है। केरल के कोझिकोड में खेले जा रहे फेडरेशन कप में बुधवार को अमलान बोरगोहेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। इस दौरान अमलान ने मोहम्मद अनस याहिया का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। तब अमलान ने 200 मीटर की दूरी 20.52 सेकेंड में पूरी की थी। भुवनेश्वर के रिलायंस फाउंडेशन हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में ट्रेनिंग लेने वाले अमलान ने कहा , मैं जापानी एनीमे का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, मैं ड्रैग बॉल जैड देखत हूं और उसमें गोकू के किरदार से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है, मैंने इसके बहुत सारे एपिसोड देखे हैं, जिससे मेरा उत्साह बढ़ा. उन्होंने आगे कहा, एनीमे ने मुझे एक बात सिखाई है वह ये कि इसकी कोई सीमा नहीं होती, इसलिए मैं हर दिन अपने को आगे बढ़ाता हूं। 23 साल के अमलान ने बीते वर्ष सीनियर नेशनल ओपन खिताब 20.75 सेकेंड के साथ जीता था। यह भारत का पांचवां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

### धोनी के क्रिकेट कौशल से सीखने का प्रयास करते हैं ईशान

**मुंबई** । मुंबई इंडियंस के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा है कि वह अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के क्रिकेट कौशल को देखते हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने स्वयं के कौशल में सुधार करने के लिए अकसर इस अनुभवी खिलाड़ी के तरीके को पढ़ने की कोशिश करते हैं। ईशान को मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी के दौरान 15.25 करोड़ रुपए की बड़ी रकम देकर खरीदा था। ईशान ने कहा कि मैं यह पता लगाने की कोशिश करता हूं कि उनका दिमाग कैसे काम करता है। आईपीएल के एक मैच मैं अच्छा खेल रहा था और गेंदबाजों पर प्रहार कर रहा था पर फिर धोनी भाई गेंदबाज के पास गए और कुछ कहा।





इन्दौर में विश्व टेबल टेनिस दिवस मनाया : मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा 6 अप्रैल को विश्व टेबल टेनिस दिवस सभी टेबल टेनिस प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के साथ मनाया गया। एमराल्ड हाईटस स्कूल तथा अभय प्रशाल में आयोजित समारोह में करीब 500 खिलाड़ियों एवं टेबल टेनिस प्रेमियों ने भाग लिया। टेबल टेनिस खेल को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सुबह के सत्र में एमराल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल पर 30 टेबलों पर 150 से अधिक खिलाड़ियों एवं शाम के सत्र में अभय प्रशाल में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान अत्याधुनिक रोबोट मशीन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही।

## घरेलू टूर्नामेंटों में बायो-बबल को समाप्त करेगा बीसीसीआई

मुम्बई (ईएमएस)। अब घरेलू क्रिकेटरों को मिलेगी कठोर बायो-बबल से राहत मिल सकती है क्योंकि देश में कोरोना संक्रमण के घटते हए मामलों को देखते हुए ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) घरेलू मैचों के लिए बायो-बबल को समाप्त करने की योजना बना रहा है। कोविड संक्रमण के बाद से ही पेशेवर क्रिकेटरों को टूर्नामेंट के दौरान सुरक्षा को देखते हुए एक विशेष क्षेत्र तक ही सीमित रहना पड़ रहा है। इसमें टीम के बॉयो बबल में प्रवेश करने से पहले क्वारंटाइन अवधि से गुजरना भी शामिल है।

कई खिलाडि़यों ने इसके कारण थकान ओर मानसिक तनाव की शिकायत की है। बीसीसीआई ने इस महीने दो घरेलू प्रतियोगिताओं के साथ एक प्रयोग करने का फैसला किया है। अंडर-19 कूचबिहार ट्रॉफी नॉकआउट और सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी 18 अप्रैल से शुरू होने वाली है। इन टीमों को कहा गया है कि टूर्नामेंट के लिए मेजबान शहरों में आने पर खिलाड़ियों को क्वारंटाइन से नहीं गुजरना नहीं पड़ेगा।

कोविड-19 के बाद यह बायो-बबल के बिना होने वाले पहले पेशेवर क्रिकेट टूर्नामेंट होंग हालांकि खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बार-बार आरटी-पीसीआर किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा साझा किए गए निर्देशों के अनुसार टीमें प्रतियोगिता से तीन दिन पहले (15 अप्रैल) अपने शिविरों में रिपोर्ट कर सकती हैं और अगले दिन अपना प्रशिक्षण शुरू कर सकती हैं।

इस बीच खिलाड़ियों को कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के लिए कहा जा रहा है जबकि टीमों को होटल के एक तय हिस्से में रखा जाएगा। खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के प्रतिभागियों के अलावा अन्य लोगों के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। वहीं यह भी संभावना व्यक्त की गयी है कि जिस प्रकार कोरोना संक्रमण घट है उसको देखते हुए आईसीसी भी बायो बबल को समाप्त कर सकती है।

## रोहित ने जिदान को बताया अपना पसंदीदा खिलाड़ी

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के पसंदीदा फुटबॉलर फ्रांस के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी रहे जिनेदिन जिदान हैं। रोहित ला लीगा में भारत के आधिकारिक राजदूत भी रहे हैं। वह स्पेनिश फुटबॉल लीग के प्रचार से भी जुड़े हैं। रोहित ने कहा है कि टीम इंडिया की जिम्मेदारियों के कारण अब मैच देखने नहीं जा पाते हैं। रोहित ने अपना पसंदीदा फुटबॉलर जिनेदिन जिदान को बताया है। रियल मैड्रिड के पूर्व फुटबॉलर जिदान ने विश्व के अलग-अलग बड़े क्लबों की ओर से खेला है। वह फ्रांस के लिए 4 बार विश्व कप जीतने वाली टीमों में भी शामिल रहे हैं। जिदान संन्यास के बाद रियल मैड्रिड क्लब के मैनेजर बने थे। इस खिलाड़ी को 1998 में बैलन डी'ओर भी दिया गया। रोहित भी उनके बड़े प्रशंसक रहे हैं। रोहित ने कहा, 'ला लीगा की मेरी सबसे अच्छी याद मैड्रिड में एक एल क्लासिको मैच देखने की रही है हालांकि कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण अब वहां फिर से यात्रा करना संभव नहीं होगा। भारतीय टीम के साथ व्यस्त कार्यक्रम ने इसे और कठिन बना दिया है।' उन्होंने कहा, 'मैं 2020 में एल क्लैसिको मैच लाइव देखने गया था। रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के इस मैच की यादें अब भी मेरे दिमाग में हैं। मैं ला लीगा के साथ और यादें बनाना चाहता हूं, लेकिन अब क्योंकि हम बहुत सारे मैच खेलते हैं और कोरोना के कारण काफी प्रतिबंध हैं इसलिए यह संभव नहीं रहा है।

## व्यापार न्यूज

### एचडीएफसी ने सेविंग अकाउंट की ब्याज दरें बदलीं

**मुंबई** । एचडीएफसी बैंक ने सेविंग बैंक अकाउंट्स पर अपनी ब्याज दरों में बदलाव किया है। संशोधित दर 6 अप्रैल से प्रभावी हो गई है। एचडीएफसी बैंक 50 लाख रुपए से कम के सेविंग अकाउंट्स पर 3 फीसदी वार्षिक ब्याज दर ऑफर कर रहा है। सेविंग बैंक अकाउंट्स के लिए ब्याज दर 50 लाख से अधिक की बचत शेष पर 3.50 फीसदी होगी। 6 अप्रैल से प्रभावी, सेविंग अकाउंट्स की संशोधित ब्याज दर- 50 लाख रुपए से कम-3 फीसदी, 50 लाख रुपए से अधिक- 3.50 फीसदी की गई है। एचडीएफसी बैंक ने 2 करोड़ रुपए से कम की फिक्स्ड डिपोजिट पर ब्याज दर में भी वृद्धि की है जो एक साल से दो साल में परिपक्व होती है। नवीनतम वृद्धि के बाद, बैंक 7 दिनों से 10 वर्षों में परिपक्व होने वाली जमा राशि पर 2.5 फीसदी से 5.6 फीसदी तक की ब्याज दर देता है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली** । घरेलू बाजार में गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रहीं। पिछले 17 दिनों में यह केवल तीसरी बार है जब ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राज्य के ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 105.41 रुपए प्रति लीटर होगी, जबकि डीजल की कीमत 95.87 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 96.67 रुपए है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत प्रति लीटर क्रमशः 120.51 रुपए और 104.77 रुपए है। 22 मार्च से लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमत में करीब 10 रुपए प्रति लीटर से से ज्यादा का इजाफा देखने को मिल चुका है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार पांच दिनों में 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है, जो कुल 4 रुपए प्रति लीटर है। जून 2017 में दैनिक मूल्य संशोधन की शुरुआत के बाद से किसी भी पांच दिनों के लिए रिकॉर्ड वृद्धि। राज्य के स्वामित्व वाले ईंधन खुदरा विक्रेताओं से उपलब्ध मूल्य जानकारी के अनुसार, केवल एक पखवाड़े में दरों में 10 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि भी दो दशकों में किसी भी समान अवधि में सबसे अधिक है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे टूटकर 75.99 पर

**मुंबई** । अमेरिका के केंद्रीय बैंक के कठोर रुख से उभरते बाजारों में निवेशकों की धारणाएं प्रभावित होने और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के कारण गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे गिरकर 75.99 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि ज्यादातर एशियाई बाजार और उभरते बाजार गुरुवार सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले घाटे में कारोबार कर रहे थे जबकि कच्चे तेल की कीमतों से भी धारणाएं प्रभावित होंगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.88 पर खुला। फिर यह और गिरावट के साथ 75.99 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 15 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया पिछले सत्र में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 55 पैसे की गिरावट के साथ एक सप्ताह के निचले स्तर 75.84 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत गिरकर 99.54 पर पहुंच गया।

### फ्लिपकार्ट ने पेश किया नया ऐप फ्लिपकार्ट हेल्थ प्लस

नई दिल्ली । वॉलमार्ट समूह की कंपनी फ्लिपकार्ट स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उतर गई है। कंपनी ने अपनी पहुंच का लाभ उठाने और देशभर में 20,000 से अधिक पिनकोड तक सेवाएं पहुंचाने के लिए नया ऐप फ्लिपकार्ट हेल्थ प्लस पेश किया है। कंपनी ने कहा कि फ्लिपकार्ट हेल्थ प्लस मंच 500 स्वतंत्र विक्रेताओं को पंजीकृत फार्मासिस्ट के नेटवर्क के साथ जोड़ेगा। इससे डॉक्टर की पर्ची का अनुमोदन किया जा सकेगा और सही दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। फ्लिपकार्ट हेल्थ प्लस के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

### रूस-यूक्रेन जंग का असर

## कच्चे माल की लागत बढ़ने से इस्पात में तेजी

**कोलकाता** । कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी ने अहम स्टील कंपनियों को अप्रैल में कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर किया हैं। इससे पहले लगातार दो महीने ये कंपनियां स्टील के दाम बढ़ा चुकी हैं। देश की बड़ी स्टील कंपनियों जेएसडब्ल्यू स्टील, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) और जिंदल स्टील ऐंड पावर (जेएसपीएल) ने हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) की कीमतों में 4 से 5 हजार प्रति टन की बढ़ोतरी की है। एचआरसी को फ्लैट स्टील के लिए बेंचमार्क माना जाता है। लॉन्ग प्रॉडक्ट बनाने वाली जेएसडब्ल्यू स्टील और जेएसपीएल ने रीबार की कीमतों में क्रमशः 2,250 रुपए व 3,000 रुपए प्रति टन का इजाफा किया है। कीमत बढ़ोतरी के बाद एचआरसी का भाव अब जेएसडब्ल्यू स्टील व एएम/एनएस इंडिया के लिए अब 79,000-79,500 रुपए प्रति टन बैठता है। जेएसडब्ल्यू के रीबार की संशोधित कीमतें अब 73,000 से 73,500 रुपए प्रति टन है। विश्लेषकों के मुताबिक, ये कीमतें पिछली ऊंचाई के पार चली गई है। कंपनी प्रमुख ने कहा, कंपनी ने लॉन्ग व फ्लैट उत्पादों की कीमतें 3 से 5 फीसदी तक बढ़ाई है, लेकिन यह लागत के असर की आंशिक भरपाई के लिए है। उन्होंने कहा, अप्रैल 2022 में हुई कोकिंग कोल की खरीद अप्रैल-मई के उत्पादन में जाएगी। इसके बाद मई व जून उत्पादन लागत के लिहाज से पीक सीजन हो सकता है।



कच्चे माल की कीमतें बढ़ती रही हैं, लेकिन रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमले के बाद कीमतें बढ़ी हैं। कच्चे माल की लागत में इजाफा चिंता का विषय है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह नीचे आएगी। कुछ हद तक यह नीचे आनी शुरू हो चुकी है, और अगले कुछ महीनों में और घटेगी। यह स्टील की लागत नीचे लाएगी लेकिन जब तक सिस्टम की लागत बढ़ती रहेगी, हमें देखना होगा कि हम इससे कैसे निपटते हैं, और हमें कुछ लागत का भार ग्राहकों पर डालना होगा। कोकिंग कोल की कीमतें 670 डॉलर प्रति टन तक चली गई थी, जो पिछले कुछ हफ्तों में नीचे आई है। हालाकि उद्योग के सूत्रों ने कहा कि कीमतें अभी भी पिछले साल से ज्यादा है। इसके अतिरिक्त अन्य कच्चे माल की कीमतें उच्चस्तर पर बनी हुई है। लौह अयस्क भी बढ़त की राह पर है। एनएमडीसी ने अप्रैल में 200 रुपए प्रति टन तक कीमतें बढ़ाई है। स्टील की कीमतें फरवरी में बढ़नी शुरू हुई थी और फिर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले एक महीने में फ्लैट स्टील की कीमतें 10,000 रुपए प्रति टन बढ़ी है। हालांकि एमएसएमई के लिए कुछ राहत हो सकती है।

## दिल्ली में सीएनजी की कीमत ढाई रुपए प्रति किलो बढ़ी

**नई दिल्ली** । दिल्ली में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन सीएनजी महंगी हुई है। सीएनजी के दाम 2.50 रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए हैं जिसके साथ मार्च से अब तक दाम कुल 12.50 रुपए प्रति किलोग्राम बढ़े हैं। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में सीएनजी की कीमत 66.61 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 69.11 रुपए प्रति किलो हो गई है। आईजीएल राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सीएनजी और पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की खुदरा बिक्री करती है। बुधवार को भी सीएनजी की कीमत में 2.50 रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई थी। पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 41.61 रुपए प्रति इकाई है। मार्च के बाद से दिल्ली में सीएनजी के दामों में 12.48 प्रति किलो की वृद्धि की गई है। महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने मुंबई में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमत सात रुपए प्रति किलो बढ़ाकर 67 रुपए प्रति किलो कर दी, जबकि गुजरात गैस ने दरों में 6.50 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी कर इसे 76.98 रुपए कर दिया। मूल्यवर्धित कर (वैट) जैसे स्थानीय करों की वजह से कीमतें शहर-दर-शहर अलग अलग होती हैं। सरकार ने एक अप्रैल से प्राकृतिक गैस की कीमतों को दोगुना से अधिक कर 6.1 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रति इकाई) कर दिया है। इसके बाद सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में वृद्धि हुई है।

## भारत में ईवी टाटा टिगोर का नया मॉडल होगा लॉन्च

### नए अवतार में आ रही टाटा की इलेक्ट्रिक कार

**नई दिल्ली** । टाटा मोटर्स कंपनी अपनी पॉप्युलर ईवी टाटा टिगोर का नया मॉडल भारत में लॉन्च करने वाली है। इस नए मॉडल को हाल ही में टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। कंपनी इस कार को वर्तमान मॉडल से ज्यादा रेंज के साथ लॉन्च करेगी। वर्तमान में टिगोर की ईवी के रेंज 306 किमी की है जिसे कंपनी बढ़ाकर 375-400 केएम तक ले जाएगी।



लॉन्ग रेंज के साथ यह कार इस सेगमेंट में काफी कॉम्पिटिशन क्रिएट करने वाली है। टाटा टिगोर इलेक्ट्रिक कार की कीमत 12.24 लाख से शुरू होती है और टॉप मॉडल 13.24 लाख रुपये तक जाता है। इस प्राइस टैग के साथ यह कार इंडिया की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार बनी हुई है। इस कार की कीमत में कंपनी ने हाल ही में बढ़ोतरी की थी जिसके बाद टीगोर ईवी एक्सई की कीमत 11.99 लाख रुपये से बढ़कर 12.24 लाख रुपये हो गई है। वहीं, टीगोर ईवी एक्सएम वेरिएंट की कीमत 12.49 लाख रुपये से बढ़कर 12.74 लाख रुपये हो गई है। टिगोर ईवी के टॉप वेरिएंट टीगोर ईवी एक्सझेड+ की कीमत 12.99 लाख रुपये से बढ़कर 13.24 लाख रुपये हो गई है। टीगोर ईवी को फिलहाल एक्सई, एक्सएम, एक्सझेड+ और एक्सझेड+ डूअल टोन जैसे 4 वेरिएंट्स में पेश किया गया है। टाटा नेक्सॉन ईवी की कीमत में भी 25 हजार रुपये का इजाफा किया गया है।

## हैचबैक 2022 मारुति सुजुकी वैगन आर लॉन्च

**नई दिल्ली** । देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने हाल ही में अपनी बहुप्रतीक्षित हैचबैक 2022 मारुति सुजुकी वैगन आर लॉन्च की है। इस कार को कंपनी ने फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट के साथ भी बाजार में उतारा है। कंपनी के मुताबिक वैगन आर फेसलिफ्ट का नया सीएनजी वेरियंट 34.05 किमी प्रति किलो का माइलेज देती है जो कि इस कार के आउटगोइंग सीएनजी मॉडल की अपेक्षा 5 फीसदी ज्यादा है। बात करें कार की कीमत की तो नई मारुति वेगन आर फेसलिफट की शुरुआती कीमत 5.39 लाख रुपये है और टॉप मॉडल की कीमत 7.10 लाख रुपये तक जाती है, जबकि इसके सीएनजी मॉडल की कीमत 6.81 लाख रुपये है जो कि मारुति सुजुकी डिजायर सीएनजी से कम है। कंपनी ने आज ही मारुति डिजायर सीएनजी लॉन्च की है जिसकी कीमत 8.14 लाख रुपये है। नई मारुति वेगन आर फेसलिफट में 1.0 लीटर के-सीरीज डुअल जेट और डुअल वीवीटी इंजन का इस्तेमाल किया गया है। इसमें 1.2 लीटर के इंजन का विकल्प भी दिया गया है और जैसा कि आपको पहले भी बताया कि इसी के साथ कंपनी ने इसे फैक्टरी फिटेड सीएनजी किट के साथ बाजार में उतारा है।

## सेंसेक्स 354 अंक टूटा, निफ्टी 17,700 के स्तर पर पहुंचा

**मुंबई** । कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच एचडीएफसी के दोनों शेयरों और रिलायंस जैसे बड़े शेयरों के नुकसान में जाने से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 354 अंक से अधिक टूट गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 354.54 अंक की गिरावट के साथ 59,255.87 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, व्यापक एनएसई निफ्टी 91.35 अंक गिरकर 17,716.30 पर आ गया। सेंसेक्स में एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, टाइटन, विप्रो, टीसीएस, नेस्ले और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड शुरुआती कारोबार में गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर डॉ. रेड्डीज, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और सन फार्मा हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। पिछले सत्र में बुधवार को तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 566.09 अंक का गोता लगाकर 59,610.41 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 149.75 अंक की गिरावट के साथ 17,807.65 अंक पर बंद हुआ था।

# कैटरीना कैफ को पहले हुई थीं ऑफर दीपिका स्टारर 3 सुपरहिट फिल्में



कैटरीना कैफ बॉलीवुड की ए लिस्ट एक्ट्रेस में से एक हैं. वह अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीत चुकी हैं. कैटरीना कैफ सभी बेस्ट डायरेक्टर की पहली पसंद होती हैं. हम सब ही उनकी फिल्म्स को खूब एंजॉय करते हैं लेकिन क्या आपको पता है कैटरीना कैफ को कुछ सुपरहिट फिल्में ऑफर हुई थी. अगर कैटरीना इन फिल्मों के लिए हां कह देती तो वह आज एक अलग मुकाम पर होती. कैटरीना कैफ की वजह से दीपिका पादुकोण के हाथ कुछ ऐसी फिल्में लगीं जिन्होंने उनका करियर बना दिया था. दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्में पहले कैटरीना कैफ को ऑफर हुई थी मगर उन्होने उसके लिए मना कर दिया जिसके बाद यह दीपिका पादुकोण के हाथ लग गई थीं. इन फिल्मों ने दीपिका के करियर को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है. शाहरुख खान की चेन्नई एक्सप्रेस सुपरहिट साबित हुई थी. इस फिल्म में दीपिका पादुकोण का मीनम्मा का किरदार बहुत पसंद किया गया था. पर क्या आपको पता है इस फिल्म के लिए दीपिका पहली पसंद नहीं थी. इस फिल्म में मेकर्स शाहरुख के साथ कैटरीना कैफ को कास्ट करना चाहते थे. रिपोर्ट के मुताबिक कैटरीना कैफ ने इस फिल्म के लिए भाषा और एसेंट की वजह से मना कर दिया था. उसके बाद यह फिल्म दीपिका के हाथ लगी और उन्होंने अपने किरदार से फिल्म में जान डाल दी. दीपिका पादुकोण की फिल्म बाजीराव मस्तानी ने इतिहास रच दिया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म पहले कैटरीना को ऑफर हुई थी लेकिन उन्होंने मना कर दिया था. रिपोर्ट्स की माने तो संजय लीला भंसाली हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान-ऐश्वर्या जैसा मैजिक दोबारा अपनी फिल्म में चाहते थे लेकिन दोनों के ब्रेकअप की वजह से ये होना मुश्किल थी।

## रवीना टंडन ने फिल्म दामन की पुरानी तस्वीर की साझा



कल्पना लाजमी की 2001 में आई फिल्म दामन के लिए रवीना टंडन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। रवीना ने सोशल मीडिया पर फिल्म दामन को याद करते हुए एक थ्रोबैक यानी पुरानी तस्वीर साझा की। अभिनेत्री ने फिल्म से जुड़ी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इसमें वह दुल्हन के रूप में तैयार हुई नजर आ रही हैं और काफी खूबसूरत लग रही हैं। अभिनेत्री ने तस्वीर के साथ ही हैशटैग थ्रोबैक और हैटशैट दामन का उपयोग भी किया। दामन - ए विक्टिम ऑफ मैरिटल वायलेंस फिल्म 4 मई 2001 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सयाजी शिंदे, संजय सूरी और राइमा सेन भी हैं। रवीना जल्द ही अरण्यक वेब सीरीज में अपना डिजिटल डेब्यू करने वाली हैं, जिसमें वह एक पुलिसकर्मी की भूमिका में दिखाई देंगी। हालांकि उन्होंने अभी अपनी भूमिका के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन सीरीज के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें दो पुलिस अधिकारी एक अपराध की गुत्थी को सुलझाते हुए दिखाई देने वाले हैं। अभिनेत्री बहुभाषी फिल्म केजीएफ - चैप्टर 2 में भी दिखाई देंगी, जिसमें रॉकी के रूप में कन्नड़ स्टार यश की वापसी हो रही है।

## समलैंगिक किरदार निभाने में अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ी:अंशुमान झा

अभिनेता अंशुमान झा ने आगामी फिल्म हम अकेले हैं तुम अकेले में एक समलैंगिक लड़के की भूमिका निभाई है, और उनका कहना है कि वह रूढ़ियों और कैरीकेचर से बचने के लिए सावधान रहते थे, जो अक्सर फिल्मों में समलैंगिक पात्रों के चित्रण के साथ होते हैं। अंशुमान ने बताया, एक अभिनेता के रूप में मेरी जिम्मेदारी है कि जब मैं समलैंगिक चरित्र निभा रहा हूं, जब मुझे चित्रण के प्रति अतिरिक्त सावधान और संवेदनशील होना चाहिए मैं वीर (उनकी भूमिका) रूढ़िबद्ध तरीकों से नहीं निभाना चाहता। ईमानदारी से कहूं तो एक समलैंगिक व्यक्ति को संवेदनशीलता के साथ निभाा एक वास्तविक चुनौती थी और मैंने एक निश्चित मात्रा में शोध किया और लोगों से बातचीत की। मेरे एलजीबीटीक्यू समुदाय में दोस्त भी हैं, इसलिए मुझे एक निश्चित मात्रा में जानकारी है।

# जो चीज हमें कहीं न कहीं तोड़ती हैं, वही हमें एकजुट करती हैं : कृति सेनन



कृति सेनन ने एक नए वीडियो में निराशा के उज्जवल पक्ष की बात की है। वह कहती हैं कि जो चीज लोगो को तोड़ती है वह उन्हें एकजुट भी करती है। कृति ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें देखा गया कि कैसे लोग जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए अपनी क्षमता से परे जा रहे थे। वीडियो में वह कहती हैं, जो चीज हमें कहीं न कहीं तोड़ती हैं, वह हमें एकजुट करती हैं। आज जब मैं चारों ओर देखती हूं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी जाति क्या है या धर्म क्या है, पेशा है, अमीर या गरीब, आप किस राज्य से हैं कुछ भी मायने नहीं रखता। इसके अंत में हम हैं। बस सभी इंसान जो एक दूसरे के दर्द को महसूस कर सकते हैं और पहचान सकते हैं। वह आगे कहती हैं, जब हमें किसी की जरूरत होती है तो हम भयानक महसूस करते हैं और हम उस शब्द को फैलाने और उस व्यक्ति की मदद लेने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम एक दूसरे के लिए अजनबी हैं। हम दान कर रहे हैं, हम एक दूसरे की पीड़ा और दर्द को समाप्त करने का तरीका जानने की कोशिश कर रहे हैं। कृति ने वीडियो शेयर करके कैप्शन लिखा, मैं कोशिश करती हूं और हर चीज में एक सिल्वर लाइनिंग देखती हूं अंधेरे में रोशनी की एक किरण, बुरे में अच्छी हां मैं वह व्यक्ति हूं मैं और मेरी तन्हाई अक्सर बातें किया करते हैं। बस ऐसा लगा जैसे मैंने आज के बेड टाइम थॉट को साझा किया गया है नाइट डियर डायरी होने के लिए धन्यवाद। अभिनेत्री ने आगामी फिल्म भूमि की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें वरुण धवन भी हैं। फिल्म अमर कौशिक द्वारा निर्देशित है, और फिल्म अगले साल 14 अप्रैल को रिलीज होने की उम्मीद है। भेड़िया के अलावा, कृति फिल्म मिमी में नजर आएंगी, जो सरोगेसी पर आधारित है। वह एक्शन कॉमेडी फिल्म बच्चन पांडे में अक्षय कुमार के साथ, और एक्शन ड्रामा गणपत में टाइगर श्रॉफ के साथ हैं।




# मांस की बिक्री पर विवाद

दिल्ली की दो नगर निगमों ने अभी एक ऐसी घोषणा की है, जो एकदम नई जरुर है लेकिन तर्कसम्मत बिल्कुल नहीं लगती। उन्होंने आदेश जारी किया है कि नवरात्रि के दिनों में मांस बेचना मना होगा। मांस की बिक्री पर प्रतिबंध इसलिए लगाया जा रहा है कि नवरात्रि के उपवास के दिनों में यह भक्तों के लिए कष्टदायक होता है। मोहल्लों में बनी मांस की दुकानों पर लटके हुए पशुओं के लोथड़ों को देखकर भक्तों के मन में जुगुप्सा पैदा होती है। इसी तरह की मांग मध्यप्रदेश, कर्नाटक और उत्तरप्रदेश की सरकारों से भी की जा रही है। मांस की दुकानें भारत में हो ही नहीं और कोई भी भारतीय मांस न खाए, यह तो मैं तहे-दिल से चाहता हूं लेकिन नवरात्रि के बहाने मांस की दुकानें बंद करवाने की बात बिल्कुल भी गले नहीं उतरती है। किसी हिंदू त्यौहार पर मांस की दुकानें बंद करवाने में सांप्रदायिक संकीर्णता की बदबू आती है। क्या मुसलमानों की यह मांग घोर सांप्रदायिक नहीं मानी जाएगी कि रमजान के महिने में सारे भारत के भोजनालय दिन के समय बंद रखे जाएं? भारत के जितने मुसलमान मांसाहारी हैं, उनमें दुगुनी-तिगुनी संख्या के हिंदू लोग मांसाहारी हैं। जिन हिंदू और मुसलमानों की मांस की दुकानें हैं, यदि उनका काम-धंधा 8-10 दिन बंद रहेगा तो क्या नगर निगम या सरकारें उसका मुआवजा उन्हें देगी? यदि नहीं तो किसी नागरिक का रोजगार छीनने का हक सरकार को कैसे दिया जा सकता है? यह तो संविधान में प्रदत्त मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन है। यदि इस तरह के मनमाने आदेश का उल्लंघन करनेवालों को शासन दंडित करेगा तो वे अदालत के दरवाजे खटखटाएंगे और अदालतें ऐसे आदेशों को रद्द कर देंगी लेकिन इस तरह के आदेश जारी होने पर दो तरह की प्रतिक्रियाएं होती हैं। एक तो यह कि डर के मारे मांस-विक्रेता अपनी दुकानें अपने आप बंद कर देते हैं और यदि वे बंद न करें तो अपने आप को हिंदूवादी कहनेवाले स्वयंसेवक उन दुकानदारों पर टूट पड़ते हैं। याने सारे मामले का सांप्रदायीकरण हो जाता है। यह बात छोटी-सी है लेकिन यह दूर तलक जा सकती है। यह सांप्रदायिक दंगों का रूप धारण कर सकती है। कोई नागरिक क्या खाता है, क्या पहनता है, क्या सोचता है, क्या यह भी सरकार तय करेगी? इन कामों में किसी भी सरकार को अपनी टांग नहीं अड़ानी चाहिए। मांस की खुले-आम बिक्री के दृश्य कितने भयानक और वीभत्स होते हैं, आपको यह देखना हो तो ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे देशों में जाकर देखिए। वहां घोड़ों, ऊटों और गायों की चमड़ी उतारकर पूरा का पूरा लटका दिया जाता है। मांस के बाजारों में इतनी बदबू होती है कि उनसे गुजरने में भी तकलीफ होती है। मांस-भक्षण न स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और न ही नैतिक दृष्टि से उचित है। उसे कानून से नहीं, समझाइश से रोका जाना चाहिए। मेरे हिंदू, मुसलमान, ईसाई, सिख और यहूदी मित्रों से मैं हमेशा पूछता हूं कि बताइए आपके धर्मग्रंथ में कहां लिखा है कि आप यदि मांस नहीं खाएंगे तो आप घटिया धर्मप्रेमी कहलाएंगे? कई मुस्लिम देशों के और भारत के मेरे लाखों परिचितों में से किसी एक ने भी आज तक कानून के डर से मांस खाना नहीं छोड़ा है लेकिन ऐसे सभी धर्मों के हजारों लोगों को मैं जानता हूं, जिन्होंने प्रेमपूर्ण समझाइश के कारण मांसाहार से मुक्ति पा ली है।

# महिलाओं की राजनीति में हिस्सेदारी जरूरी है

**डॉ. नाज़ परवीन**

देश के ग्रामीण इलाकों में अक्सर देखा गया है कि महिलाओं को यदि कोई शारीरिक बीमारी होती है तो वो महिला डॉक्टर के पास जाना ज्यादा पसंद करती हैं उसका सबसे बड़ा कारण उनका सहजता से अपनी समस्या समझा पाना रहता है। ऐसा ही महिलाओं के द्वारा अपनी शिकायत महिला थाने में दर्ज कराना ज्यादा सहज दिखाई देता है वो अपनी बात महिला पुलिस से ज्यादा आसानी से कर पाती हैं। मुझे याद है कुछ समय पहले मैं पास के सरकारी अस्पताल में किसी काम से गयी थी। वहाँ एक 10-12 साल की उदास,निढाल, डरी सहमी सी बच्ची एक महिला पुलिस कर्मी से कभी कुछ बात करती, कभी उसके काँधे से लग जाती ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे वो उसकी बहुत नजदीक हो, पास ही खड़ा एक व्यक्ति पानी की बोतल हाथ में लिए बार बार उस महिला पुलिस से उसे पानी देने के लिए पूछ रहा था। वो बच्ची उस व्यक्ति की तरफ कम ही देख रही थी।शायद वो उस बच्ची का पिता था। मैंने कुछ देर बाद उस महिला पुलिस कर्मी से पूछा- क्या हुआ है इसे? क्या ये बच्ची आपकी कोई जानकार है? उसने मुझे उत्तर दिया- नहीं ! मैं इस बच्ची को नहीं जानती। मैं बस अपनी ड्यूटी कर रही हूँ। शायद इस बच्ची के साथ कुछ गलत हुआ है। इसका मेडिकल टेस्ट होना है हम सभी इसीलिए यहाँ उपस्थित हैं। मैं स्तब्ध थी उस बच्ची को देख जो अपने पिता में एक पुरुष और उस अंजान पुलिस कर्मी में अपनी सी एक महिला की तलाश में सहज होने की कोशिश कर रही थी..। उस बच्ची के उदास चेहरे में महिला पुलिस कर्मी के प्रति सहजता साफ देखी जा सकती थी। उस दिन ऐसा आभास हुआ की महिला पुलिस कर्मियों की संख्या में बढ़ोतरी महिलाओं के प्रति अपराध को कम करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

वैश्विक राजनीति के परिवेश में महिलाओं की बढ़ती भूमिका कई नये आयाम स्थापित कर रही है, जो सामाजिक न्याय व्यवस्था के बेहतर भविष्य की आधारशिला हो सकती है।

वर्षों से शक्ति,सहभागिता और सत्ता का गठजोड़ सामाजिक परिवर्तन का आधार बना है। सत्ता के समीकरण को साधने में अहम हिस्सेदार देश की महिलाएं रही हैं जो कई बार देश में किंग मेकर का काम करती हैं परंतु सत्ता में उनकी हिस्सेदारी न के बराबर ही है। समाज के कई अहम मुद्दों के समाधान में अपने जुझारू व्यक्तित्व का परिचय देने के बाद भी, देश की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों का रुझान अब तक महिलाओं को महिला वोट बैंक से ज्यादा ऊपर नहीं उठा सका है। इसके अलग अलग कारण हो सकते हैं लेकिन वर्तमान समय में महिलाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए हमें कई मुद्दों पर खुल कर बात करनी होगी। जिनसे देश की आधी आबादी राजनीति में अपनी बराबर की दावेदारी पेश कर पाए। तभी सही मायने में महिलाओं से जुड़े शिक्षा, समाज, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दे हल हो पाएंगे।

आज देश आजादी के 75 साल का जश्न मना रहा है। आजादी के 75 साल बाद समाज में क्रांतिकारी बदलाव देखे जा सकते हैं। महिलाएं बढ़ चढ़ कर रोजगार में सहभागी बन रही हैं। महिलाएं मजदूर भी हैं और रिक्शा चालक भी साथ ही सरकारी नौकरी से सेना तक में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं लेकिन उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है। इससे उनकी समस्याएं जो पहले घर में ही दफन हो जाती थी अब बाहर खुलकर तो आ रही हैं लेकिन समाधान की दहलीज पर आकर सिमट जा रही हैं जिस तरह से उनका निराकरण होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध का ग्राफ इस बात की गवाही देता है यदि समाज और सरकार को महिलाओं की समस्या का पुख्ता हल ढूंढना है तो समय रहते देश में महिलाओं का शिक्षा, व्यवसाय, सिविल सेवा,सेना और संसद में प्रतिशत बढ़ाना होगा।

आजादी के 75 साल बाद भी महिलाएं आखिर कहाँ खड़ी हैं? जब हम इस विषय पर गौर करते हैं तो समाज में महिलाओं को लेकर कई चिंताएं जाहिर होती हैं, कई समस्याएं हैं जिनके सवाल दुनियाभर के समाज वैज्ञानिक तलाशने में



लगे हैं हम महिला सशक्तिकरण को लेकर कितना ही अपनी पीठ थपथपा लें लेकिन हमें गौर करना होगा कि अभी भी एन सी आर बी के आकड़ों में उछाल कम नहीं हुआ है। उसका ग्राफ लगातार बढ़ रहा है जिसमें सुधार लाना समाज और सरकारों का अहम् मुद्दा होना चाहिए।

इसके सुधार का एक रास्ता महिलाओं की सत्ता और सरकार में बढ़ती भागीदारी से भी होकर गुजरता है। अक्सर चुनाव के पहले महिलाओं के सत्ता में प्रतिनिधित्व पर बढ़ चढ़ कर बहस होती है लेकिन चुनाव आते आते महिलाओं की हिस्सेदारी कई वजहों से कम होने लगती है, ज्यादातर राजनीतिक दलों से उन्हें उम्मीदवाद नहीं बनाया जाता, सबकी अपनी अपनी दलीलें होती हैं जिसका सीधा परिणाम सरकार में उनकी हिस्सेदारी कम कर देती है। हमें इस विषय पर खुल कर सोचना होगा। महिलाएं जब किंग मेकर हो सकती है तो फिर किंग क्यों नहीं?

वर्तमान समय में देश के 28 राज्यों में से केवल एक राज्य में ही महिला मुख्यमंत्री हैं। देश में ममता बनर्जी, जयललिता, मायावती, सुषमा स्वराज, नजमा हिपतुल्ला आदि अनेकों महिलाओं ने आपने राजनैतिक जुझारू प्रतिनिधित्व से यह साबित किया है की वो समाज, प्रदेश और राष्ट्र का बेहतर प्रतिनिधित्व कर सकती हैं, लेकिन फिर भी आजादी के 75 साल पूरे होने के पड़ाव पर हमें केवल एक ही महिला प्रधानमंत्री मिली और वो भी मजबूत राजनैतिक परिवार से संबंध रखती थी। संभवतः यदि वो भी किसी सामान्य परिवार से होती तो हम अभी भी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री की कमी को भरने के इंतजार में होते। देश की महिलाओं ने अपनी काबिलियत से राष्ट्रपति, वित्तमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल जैसे जिम्मेदार पदों को बखूबी संभाला है। निश्चित तौर पर अभी हाल ही में देश के पांच राज्यों में हुए विधान सभा चुनावों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। पंजाब में पहले के मुताबिक महिलाओं की दोगुनी संख्या हो गयी है। पंजाब में 117 सीटों में 13 महिला हैं जबकि पहले केवल 6 थी। उत्तर प्रदेश में 403 सीटों में 46 महिलाओं को चुना गया है। उत्तराखंड में 70 सीटों में 8 महिलाएं हैं, मणिपुर में 60 सीटों में 5 महिलाएं चुनी गई और गोवा में 40 सीटों में 3 महिलाएं ही आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करेंगी। आजादी की पहली जंग में तलवार से बंदूक तक, स्वतंत्रता की लड़ाई में खूफिया तंत्र से पैदल मार्च तक, लाठियों से लेकर गोलियां तक खाने में महिलाओं ने बराबर से सहभागिता की है। इतिहास के पन्नों में दर्ज घटनाएं इस बात की तसदीक करती हैं लेकिन अभी भी उनका आधा प्रतिनिधित्व पाना बाकी है।

हष्ट्रक्कको की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं की राजनीति में बढ़ती भूमिका के साथ महिलाओं के विरुद्ध अपराध में भी 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जो निश्चित तौर पर चिंता का विषय है। वर्तमान लोकसभा में 78 और राज्य सभा में 25 महिला सांसद आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। दोनों सदनों में महिला प्रतिनिधि के तौर पर केवल 103 महिला सदस्य हैं यानी 13 फीसदी जबकि विश्व के कई देशों में इसमें काफी अंतर है जैसे दक्षिण अफ्रीका में 43 फीसदी, रवांडा में 62 फीसदी, अमेरिका में 24 फीसदी, ब्रिटेन में 32 फीसदी, और बांग्लादेश में 21 फीसदी है। इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन के मुताबिक भी राष्ट्रीय संसद में महिलाओं की भूमिका में भारत का 148वां स्थान है। ऐसे में यह प्रश्न उठना वाजिब है कि यदि महिलाओं के लिए कोई कानून पास होता है तो उसमें महिला प्रतिनिधित्व होना चाहिए ताकि महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर न्याय हो सके।

## सच्चे ज्ञानी की विशेषता

व्यक्ति सत्संगति से तीन वस्तुओं को-शरीर, शरीर का स्वामी या आत्मा तथा आत्मा के मित्र को- एक साथ संयुक्त देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है। जब तक आध्यात्मिक विषयों के वास्तविक ज्ञाता को संगति नहीं होती, वे अज्ञानी हैं, वे केवल शरीर को देखते हैं, और जब यह शरीर विनष्ट हो जाता है, तो समझते हैं कि सब कुछ नष्ट हो गया। लेकिन वास्तविकता यह नहीं है। शरीर के विनष्ट होने पर आत्मा तथा परमात्मा का अस्तित्व बना रहता है, और वे अनेक विविध चर तथा अचर रूपों में सदैव जाते रहते हैं। कभी-कभी संस्कृत शब्द परमेर का अनुवाद जीवात्मा के रूप में किया जाता है, क्योंकि आत्मा ही शरीर का स्वामी है और शरीर के विनाश होने पर वह अन्यत्र देहांतरण कर जाता है। इस तरह वह स्वामी है। लेकिन कुछ लोग इस परमेश्वर का अर्थ परमात्मा लेते हैं। प्रत्येक दशा में परमात्मा तथा आत्मा दोनों रह जाते हैं। वे विनष्ट नहीं होते। जो इस प्रकार देख सकता है, वही वास्तव में देख सकता है कि क्या घटित हो रहा है। जीव, अपना भौतिक अस्तित्व स्वीकार करने के कारण अपने आध्यात्मिक अस्तित्व से पृथक स्थित हो गया है। किंतु यदि वह यह समझता है कि परमेश्वर अपने परमात्मा स्वरूप में सर्वत्र स्थित हैं, अर्थात यदि वह भगवान की उपस्थिति प्रत्येक वस्तु में देखता है, तो वह विघटनकारी मानसिकता से अपने आपको नीचे नहीं गिराता, और इसीलिए वह प्रमश‑ वैकुण्ठ-लोक की ओर बढ़ता जाता है। सामान्यतया मन इंद्रियतृप्तिकारी कार्यों में लीन रहता है, लेकिन जब वही परमात्मा की ओर उन्मुख होता है, तो मनुष्य आध्यात्मिक ज्ञान में आगे बढ़ जाता है। यह शरीर परमात्मा के निर्देशानुसार प्रकृति द्वारा बनाया गया है और मनुष्य के शरीर के जितने भी कार्य संपन्न होते हैं, वे उसके द्वारा नहीं किए जाते।

# सतर्कता अब भी जरूरी

**सिद्धार्थ शंकर**

कोरोना जैसी भयानक महामारी को लेकर अपने देश में इसकी निगरानी करने वाली सबसे बड़ी संस्था ने राहत भरी घोषणा की है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के मुख्य महामारी विशेषज्ञ ने भारत को अब कोरोना महामारी से मुक्त घोषित कर दिया है। अब भारत में कोरोना एंडेमिक कैटेगरी में पहुंच गया है। यानी यह वायरस तो हमारे आपके बीच मौजूद रहेगा, लेकिन अलग-अलग बदले हुए स्वरूप में होगा। जो अब अपने पुराने महामारी जैसे हालात में नहीं पहुंच सकेगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में जनजीवन और सामान्य होता जाएगा। हालांकि अब पूरे देश को अगले कई सालों तक कोरोना वायरस के बदले हुए तमाम रूपों से दो चार होना ही पड़ेगा। यह दावा आईसीएमआर के मुख्य महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर समीरन पांडा ने किया है। वे कहते हैं कि देश में कोविड जैसी खतरनाक महामारी का अब अंत हो चुका है। आईसीएमआर के मुताबिक भारत में फिलहाल अब किसी भी तरीके का कोरोना वायरस का बड़ा खतरा नहीं दिख रहा है। जिस तरीके के मामले और आंकड़े सामने आ रहे हैं उससे अब इस बीमारी को एंडेमिक कैटेगरी में रखा जा रहा है। यानी अब यह बीमारी पूरे देश में सभी राज्यों के सभी शहरों, गांवों, तहसीलों और कस्बों में अपना कहर बरपाने की स्थिति में बिल्कुल नहीं है। वह कहते हैं कि संभव है किसी राज्य में किसी शहर में मामले जरूर बढ़ें, लेकिन इसका प्रकोप एक साथ पूरे देश में अब देखने को नहीं मिलेगा। आईसीएमआर के पास मौजूद डाटा, तो इसी बात की तस्दीक कर रहा है। इसी के आधार पर अब कोरोना जैसी महामारी को एंडेमिक निपाह जैसी बीमारी के बराबर रखा गया है। बहुत से राज्यों ने मास्क लगाने की छूट दे दी है। वह कहते हैं कि आज के हालात के मुताबिक ऐसी छूट जरूर दी गई है, लेकिन लोगों को मास्क लगाना चाहिए। ऐसी कोई सूरत बनती इसलिए भी नहीं दिख रही है, क्योंकि जिन कुछ शहरों में कोरोना मरीजों की संख्या में गिरावट देखी जा रही थी, वहां उनकी तादाद फिर से बढने् लगी है। कोरोना को तो हारना ही है, लेकिन कोशिश यह होनी चाहिए कि उस पर



जल्द काबू पाया जाए। यह कोशिश केवल केंद्र और राज्यों के साथ उनकी विभिन्न एजेंसियों को ही नहीं करनी, बल्कि आम जनता को भी करनी है। सब जान रहे हैं कि कोरोना से बचाव का उपाय सेहत के प्रति सतर्कता, एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखना और मास्क का इस्तेमाल करना है, लेकिन इसके बावजूद लापरवाही देखने को मिल रही है। सबसे हैरानी की बात यह है कि मास्क का इस्तेमाल करने से या तो बचा जा रहा या फिर उसका ढंग से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। कुछ ऐसी ही स्थिति सार्वजनिक स्थलों पर एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखने के मामले में भी देखने को मिल रही है। यह जान-बूझकर खतरे की चपेट में आने वाला काम है। निस्संदेह कोरोना से डरने की जरूरत नहीं, लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं कि आवश्यक सावधानी का परिचय देने से इंकार किया जाए। चूंकि ऐसा किया जा रहा है, इसलिए कोरोना काबू में आता नहीं दिखता। समझना कठिन है कि लोगों को मास्क का सही इस्तेमाल करने में क्या परेशानी है? यह संतोष की बात अवश्य है कि कोरोना मरीज तेजी से ठीक हो रहे हैं और मृत्यु दर में गिरावट जारी है, लेकिन आखिर इसकी अनदेखी क्यों की जा रही है कि करीब 70 हजार लोग काल के गाल में समा गए हैं और इनमें वे भी हैं जिन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी? अच्छा हो कि लोग यह समझें कि यदि उनकी ओर से अपेक्षित सावधानी नहीं बरती गई तो कोरोना पर लगाम लगाने की कोशिशों पर पानी ही फिरेगा। कोरोना विषाणु के संक्रमण की कोई निश्चित प्रकृति नहीं रही है, इसलिए समय के साथ उसकी चपेट में बच्चे भी आ सकते हैं। इसलिए उन्हें भी टीकाकरण के जरिए सुरक्षित बनाया जाए। इसके अलावा, सरकार ने उन बुजुर्गों के लिए टीके की एहतियाती खुराक देने की घोषणा की है, जिन्होंने पहले दो खुराक ले ली है। माना जा रहा है कि चूंकि कोविड-19 से ग्रसित होने के लिहाज से बुजुर्ग ज्यादा संवेदनशील होते हैं, इसलिए टीके की दोनों खुराक के बाद तीसरी और एहतियाती खुराक लेने से कोरोना विषाणु के संक्रमण के खतरे से बचाव में ज्यादा मदद मिलेगी! हालांकि पिछले कुछ समय से कोरोना विषाणु के संक्रमण की रफ्तार में काफी कमी आई है।

# नौकरशाही की आशंका

## सूडोकु नवताल- 6034

✶ ✩ ✩ ✩ ✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6033 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**मुतखोरी से 'लंका काण्ड' की पुनरावृत्ति....?**

लगता है इस कलियुग में भारत में 'त्रैतायुग' की पुनरावृत्ति होने वाली है, त्रैतायुग में भारत में रामराज था और लंका में 'रावणराज'। भारत में खुशहाली समृद्धि थी तो लंका में अत्याचार व शोषण। तब राम ने अपनी 'लीला' दिखाकर रावणराज का अंत किया था। आज भी भारत में खुशहाली है और लंका में बदहाली, वहां की जनता सरकार की मुतखोरी की इतनी आदी हो गई कि उस पर 'ब्रेक' लगने पर हिंसक आंदोलन पर उतर आई, मंहगाई वहां चरम पर पहुंच गई, फलस्वरूप भूखे लोग आंदोलन पर उतारू हो गए, हमारे प्रधानमंत्री ने उनकी सहायता की कौशिश की किंतु वह 'ऊँट के मुंह जीरा' साबित हुई और फलस्वरूप वहां अशांति व विद्रोह नियंत्रण से बाहर हो गए और अंततः वहां की सरकार को सिंहासन त्यागना पड़ा।

यह तो हुई हमारे पड़ौसी देश में घटे घटनाक्रम की बात। अब यदि हम हमारे देश की सरकार के रथ को चलाने वाले सही सारथियों (नौकरशाही) की बात करें तो वे आशंकित है कि लंका के इस पूरे घटनाक्रम के पीछे केवल और केवल एक मात्र कारण 'मुतखोरी' है, वहां की सरकार ने अपने आपको लोकप्रिय बनाए रखने के लिए वहां के नागरिकों को हर जीवनोपयोगी वस्तु मुत उपलब्ध कराई और जब इससे सरकार आर्थिक संकट में आ गई और उसने 'मुतखोरी' रोक दी तो वहां की जनता ने सरकार के खिलाफ तीखा विरोध शुरू कर दिया और सरकार



को इस्तीफें के लिए मजबूर होना पड़ा।

अब हमारे देश के शीर्ष नौकरशाहों का यह नजरिया कहां तक सही है, यह तो वे स्वयं जाने किंतु इसी नजरियें के चलते नौकरशाहों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगाह करना कहां तक ठीक है? सरकार के गोपनीय सूत्रों का कहना है कि लंका की इस स्थिति पर वहां के नौकरशाहों से भारतीय नौकरशाहों ने चर्चा की तब वहां के नौकरशाहों ने जनक्रांति के जो कारण गिनाये उनमें मुख्य कारण सरकार की मुतखोरी की योजनाएं है, जिनके बंद कर दिये जाने पर यह विकट स्थिति पैदा हुई है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी ने केन्द्रीय शीर्ष नौकरशाहों की बैठक बुलाई तब उस बैठक में नौकरशाहों ने एक स्वर से प्रधानमंत्री को आगाह किया कि भारत में 2014 के बाद से लागू की गई 'मुतखोरी' की योजना-परियोजनाओं को तत्काल बंद कर दिया जाना चाहिये, यदि ऐसा नहीं किया गया तो भारत में भी 'लंका काण्ड' की पुनरावृत्ति हो सकती है। यद्यपि प्रधानमंत्री जी ने नौकरशाहों की इस आशंका को सिरे से खारिज तो नहीं किया बल्कि नौकरशाहों से इसी संदर्भ में भारत को दृष्टिगत रखते हुए समय-समय पर जानकारी देने को कहा तथा सरकार की मौजूदा नीतियों में खामियों पर सुझाव देने को भी कहा, साथ ही स्वयं ने भी इस मामले में सतर्क रहने का फैसला लिया। मोदी जी की पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक की यह केन्द्रीय नौकरशाहों के साथ नौवीं बैठक थी। मोदी ने नौकरशाहों से स्पष्ट कहा है कि वे कमियों के प्रबंधन की मानसिकता से बाहर निकल कर अतिशेष के प्रबंधन की नई चुनौति का सामना करें। मोदी ने प्रमुख विकास परियोजनाओं को नहीं लेने के बहाने के तौर पर गरीबों का हवाला देने की पुरानी कहानी को छोड़ने और उनसे एक बड़ा दृष्टिकोण अपनाने के लिए कहा। इस अवसर पर नौकरशाहों ने भी खुलकर मोदी जी से बातें की, उन्होंने पिछले चुनावों के दौरान एक राज्य में एक लोक लुभावन योजना का जिक्र भी किया तथा ऐसी 'मुतखोरी' की योजनाओं से परहेज करने की भी सलाह दी।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि हमारे दो पड़ौसी राज्यों पाकिस्तान व श्रीलंका में इन दिनों ÷जनक्रांति÷ चरम पर है, यद्यपि इस व्यापक जनक्रांति का कारण सत्तासीन लोगों की महत्वाकांक्षा और जनता की उपेक्षा है, श्रीलंका की राजपक्षे सरकार ने अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए 'मुतखोरी' की योजनाओं की शुरूआत की और जब इनसे सरकार भीषण आर्थिक संकट में आ गई।

# भूजल, मेघ से बाहर हो लेकिन मेधा से नहीं

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

हमारी पृथ्वी का ?एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अ?धिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरुआत की थी। विश्व जल दिवस के लिए इस वर्ष का प्रसंग %वैल्यूइंग वाटर% है।

यानी लोगों के लिए पानी का क्या मतलब है। यह कितना कीमती है और हम इस महत्वपूर्ण संसाधन की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं, ताकि आगे आने वाली पीढ़ियों को भी साफ पानी मिल सके। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी की महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए। लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है। गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है।

# 20 वर्षों से जारी है कन्या पूजनः बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेटी आगे बढ़ाओ की अलख जगाने जुटी आचार्य टीम



## नवमी को होगा नवजात कन्याओं की दादी अम्माओं का सम्मान

**अम्बाह।** आचार्य आनंद टीम द्वारा, रोटरी क्लब और संजीवनी के सहयोग से आज़ शासकीय अस्पताल में नवजात कन्याओं का पूजन कर, कन्या पूजन के बीस साल पूरे किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने बताया कि बेटियों के जन्म को प्रोत्साहन देने और उन्हें पढ़ाने, आगे बढ़ाने तथा नारी सशक्तीकरण के उद्देश्य से 2007 में गृहस्थ संत पंडित राम दत्त मिश्र जी की मंशा के अनुरूप हम साथियों ने संजीवनी के कन्या बचाओ अभियान में शासकीय अस्पताल अंबाह में प्रत्येक शारदीय और चैत्र नवरात्रि में 9 दिन नवजात कन्या पूजन, सामूहिक जन्मोत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ किए थे, बीच में कुछ वर्षों में यह शरद नवरात्र से चैत्र नवरात्र तक निरंतर छह माह भी चले और इस परंपरा को 20 वर्ष से लगातार निभाया जा रहा है। 2015 से इसमें रोटरी क्लब भी सहयोगी बन गया। गृहस्थ संत पंडित राम दत्त मिश्र गोलोक वासी हो गए लेकिन उनकी इच्छा के अनुसार यह कन्या पूजन कार्यक्रम निरंतर जारी रहा और रहेगा। शासकीय अस्पताल अंबाह के चिकित्सालय प्रभारी डॉ डी एस यादव बताते हैं कि समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और उनकी टीम लगभग 20 साल से नवजात कन्याओं का सामूहिक पूजन, फ्रॉक व उपहार वितरण करते आ रहे हैं, यह अत्यंत सराहनीय कार्य है। इसी कार्यक्रम में प्रत्येक नवदुर्गा में एक दिन बेटियों की दादी अम्माओं का सम्मान भी इनके द्वारा किया जाता है। इस बार नवमी के दिन दादी अम्माओं का सम्मान किया जावेगा। इस पुनीत कार्य में समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य, डॉ प्रगति शर्मा का विशेष सहयोग तो रहता ही है किन्तु संजीवनी संस्था के नरेश परमार, मनोज पंडित, डॉ ए डी शर्मा, अंजुल शर्मा, डॉ रामकिशोर उपाध्याय, अजय जैन, अरविंद मावई, डॉ अनिल पचौरी, विश्वविनोद गुप्ता, हरीमोहन अग्रवाल, रोटरी अध्यक्ष अंकित मिश्रा, आचार्य आनंद टीम के बालकृष्ण शर्मा, विश्वनाथ गुर्जर, दुष्यंत सिंह तोमर, बिंदुसार सिंह तोमर, कृष्णवीर सिंह तोमर, सुजाता तोमर, सरिता उपाध्याय, दीपक भोला, मणीन्द्र कौशिक, डॉ क्षमा कौशिक, महेंद्र सखवार, डॉ सुशील फिजियोथेरेपिस्ट, श्याम सिकरवार, शिवदत्त शर्मा का विशेष सहयोग रहा है।

## जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए किया जा रहा है शतचण्डी महायज्ञ



**झुण्डपुरा।** मातारानी के नवरात्रों में जनकल्याण एवं विश्व शान्ति के धार्मिक अनुष्ठान किए गए। ग्राम सिमरौदा स्थित प्राचीन राधाकृष्ण मन्दिर पर आचार्य लक्ष्मी नारायण, लक्ष्मण पाराशर के नेतृत्व में नवरात्रों में शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है । माता रानी से महामारी से बचाव तथा विश्व शान्ति की कामना की गई। विदित हो कि आचार्य लक्ष्मीनारायण व लक्ष्मण पाराशर के यहां विद्धान पण्डितों द्वारा शतचण्डी महायज्ञ में विधि-विधान से पूजा अर्चना की जा रही है जिसका विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर विश्व शांति एवं जनकल्याण के लिए अनुष्ठान किया जा रहा है। आचार्य लक्ष्मण पाराशर ने बताया कि नवरात्रों में मातारानी के नौ स्वरुपों की पूजा अर्चना की जाती है, क्षेत्र के लोगों की मां के प्रति विशेष आस्था है लोगों का विश्वास है कि मातारानी लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

## कृष्ण जन्मोत्सव : गौ की पुकार पर धरती पर अवतरित हुये भगवान कृष्णः रामप्रकाश व्यास

**अंबाह।** जैन बगीची परिसर में पूर्व सरपंच ठाकुर राजवीर सिंह तोमर रामगढ़ द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस कथा श्रवण करने के लिए अंचल के दिगंबर धर्मगुरु संत श्री 1008 बालक दास जी महाराज पहुंचे। उन्होंने कथा श्रवण कर लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया, साथ ही भक्तजनों को आशीर्वाद भी प्रदान किया। इस दौरान कथा सुनने के लिए उमड़े श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा व्यास पंडित राम प्रकाश ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि देवकी के आठवें संतान के रूप में कृष्ण का जन्म हुआ। उनके जन्म के समय अंबर भी असहज हो गया था व देवकी और उनके पति के सभी बंधन खुल गए थे। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य इस लोक में नाना प्रकार के बंधनों से बंधा हुआ है और इन बंधनों से मुक्ति का उपाय सिर्फ श्री कृष्ण नाम का स्मरण है। कथा व्यास ने बताया कि जिस समय यशोदा की गोद में दुनिया के पालनहार पहुंचे, उस समय यशोदा की उम्र 85 वर्ष की थी। कथावाचक ने कहा कि जब-जब भगवान धरती पर आए हैं गौ माता की पुकार पर आए हैं। गाय की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पंचगव्य से मानसिक बीमारियां खत्म होती है व बौद्धिकता आती है। उन्होंने गाय के गोबर के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी अवस्था में गाय के गोबर को छुए तो पता चलेगा जितना मनुष्य का टेंपरेचर रहता है उतना ही गाय के गोबर का टेंपरेचर होता है। गाय के मूत्र को उबालकर खोवा बनाया जा सकता है। गाय को छूने से अलग तरह की अनुभूतियां पैदा होती है। उन्होंने कहा कि देशी गाय के गोबर के ऊपर सफेद रंग की जो झिल्ली दिखती है वह पर्यावरण को संतुलित करती है। इतना ही नहीं सफेद झिल्ली सूंघने मात्र से कई बीमारियां समाप्त हो जाती है। उन्होंने आमजन से गाय के दूध का सेवन करने का आह्वान किया। उन्होंने एक भावुक बात बताई कि अगर आपकी बात अगर ईश्वर तक नहीं पहुंच सकी हो तो उसे आप उस बात को गाय के कान में कह देना। आपकी बात देवलोक तक अवश्य पहुंच जाएगी ऐसी मान्यता है। कथा व्यास ने कहा कि नंद के पास नौ लाख गायें थी, राजाओं के पास हाथी घोडे मिलते हैं परंतु साधु संतों के पास गाय रहती है। इसके बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बरसाने में नंद के आगमन की कथा सुनाई, जहां राजराजेश्वरी राधा प्रकट हुई। कथा के दौरान कृष्ण लीला सुन कर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूमने पर मजबूर हो गए। इस दौरान राजवीर सिंह तोमर पूर्व सरपंच, करन सिंह तोमर, कुम्हेर सिंह तोमर, श्रीमती मिथलेश, लाखन सिंह तोमर,श्री मती लता सिंह तोमर,योगेंद्र सिंह तोमर,वीरेंद्र सिंह तोमर, श्रीमती रसना सिंह तोमर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है सरकारः कमलेश

## 75 हितग्राहियों को बांटे गए विद्युत बिल माफी के प्रमाण पत्र



**अम्बाह।** समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के संकल्प के साथ काम करने वाली केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार गरीब, वंचितों, किसान, युवाओं की सरकार है। यह बात कोरोना काल में एक किलोवाट तक के बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिल माफी प्रमाण पत्र वितरित कार्यक्रम के दौरान एसआरएम गार्डन में विधायक कमलेश जाटव ने कही। इस दौरान 75 से अधिक लोगो को प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में बोलते हुये विधायक श्री जाटव ने कहा कि प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार है जो आपके साथ हर परिस्थिति में खडी रहती है। बिजली बिल माफ करने के लिए हम सब सरकार के आभारी है विधायक ने कहा कि प्रमाण पत्र वितरण होने के साथ ही मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना 2022 शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना से प्रदेश के 88 लाख बिजली उपभोक्ताओं को 6414 करोड रुपए की राहत मिलेगी। इस दौरान बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक हितेश वशिष्ट ने मौजूद लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही बताया कि पात्र लोग किस तरह से इस योजना का लाभ ले सकते हैं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता मौजूद थे। इस दौरान बिजली कंपनी के डीई हितेश वशिष्ठ के अलावा रविकांत प्रजापति, नीरज लूनिया, प्रदीप शर्मा हंडा, भूपेंद्र शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## बलात्कार के आरोप में फांसी की सजा मिलने के बाद आरोपी के मकान पर चला बुलडोजर



**मुरैना।** 4 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हैवानियत करने वाले एवं दोहरे मृत्युदंड की सजा पा चुके आरोपी के मकान पर सबलगढ़ प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर उसे तहस-नहस कर दिया। यह कार्रवाई गुरुवार की सुबह की गई और मकान तोड़कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सबलगढ़ पुलिस एवं प्रशासन ने गुरुवार की सुबह दोहरे मृत्यु दंड की सजा पा चुके ग्राम खिरकिरी निवासी एक आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलाकर उसे तहस-नहस कर दिया। उल्लेखनीय है कि आरोपी ने 5 फरवरी 2021 को अपने पड़ोस में रहने वाली एक 4 वर्ष की मासूम बालिका को हवस का शिकार बनाया था। इस मामले में लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। घटना की गंभीरता से जांच कर बारीकी से विवेचना की गई और 7 दिन में चालान न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा भी मामले में अतिशीघ्र सुनवाई कर प्रकरण के आरोपी को 1 वर्ष में ही दोहरे मृत्यु दंड की सजा से दंडित किया गया और इस निर्णय से आमजन में पुलिस व प्रशासन के प्रति विश्वास का भाव जागृत हुआ। अब प्रशासन द्वारा आरोपी के मकान को बुलडोजर से तोड़कर एक और दंड उसे दिया गया है।






## एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने कराया बीपी, शुगर का चेकअप

### जेसीआई मुरैना जागृति ने किया सिटी डिस्पेंसरी में शिविर का आयोजन



**मुरैना।** महिलाओं के स्वयं सेवी संगठन जेसीआई मुरैना जागृति ने गुरुवार को सिटी डिस्पेंसरी में ब्लड प्रेशर और डाइबिटीज चेकअप कैंप का आयोजन किया। कैंप में तकरीबन एक सैकडा लोगों का निःशुल्क टेस्ट किया गया। इस दौरान उन्हें बीपी और ब्लड शुगर की नियमित जांच कराते रहने के लिए प्रेरित भी किया गया। चेकअप और जागरुकता शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अनुभा माहेश्वरी ने कहा कि हमारे देश में 80 फीसदी से अधिक लोगों को बीपी या डाइबिटीज की समस्या हो चली है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि हम नियमित चेकअप कराते रहें। उन्होंने कहा कि हम दवाओं के सेवन से ही नहीं, बल्कि अपने आहार और दिनचर्या में सुधार करके भी इन बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ही बीमारियां अत्यधिक तनाव की वजह से होती हैं, इसलिए बेहतर होगा कि हम दैनिक जीवन में किसी भी प्रकार के तनाव से बचें। सिटी डिस्पेंसरी प्रभारी डॉ. आनंद बंसल ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। जेसीआई अध्यक्ष मधु सिंहल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि इस शिविर के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य यही है कि हम लोगों को बीपी और ब्लड शुगर जैसी बीमारियों के प्रति सचेत रहने का संदेश दे सकें। कोषाध्यक्ष सिंपल गोयल ने कहा कि बीपी और ब्लड सुगर का पता लगाने के लिए नियमित चेकअप कराना ही एकमात्र उपाय है। शिविर में जेसीआई मुरैना जागृति की सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी अपना बीपी और ब्लड शुगर टेस्ट कराया। इस अवसर पर जेसीआई मुरैना जागृति की फाउण्डर प्रेसिडेंट भावना जैन, पास्ट प्रेसिडेंट नीलम अग्रवाल, अंजना शिवहरे, मधु मनोज सिंघल, सारिका, लता गोयल आदि मौजूद रहीं।

## सोशल ऑडिट के जरिए कराया जाएगा विकास कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण



**मुरैना।** मनरेगा के तहत किये गये निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सार्थकता एवं उपयोगिता के परीक्षण के लिए जिले में सोशल ऑडिट कराया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सोशल ऑडिट में पारदर्शिता रखने के लिए कहा है कि इसके लिए 04 अप्रेल से सामाजिक अंकेक्षण की विशेष ग्राम सभाए कराई जावेंगी। इस बारे में कलेक्टर जिला मुरैना द्वारा निर्देश दिये गये है। जिला मुरैना की जनपद पंचायत मुरैना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह यादव एवं मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर से प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1995 की धारा 6 (1) के प्राविधानों के तहत जनपद पंचायत मुरैना की 106 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा योजना के तहत हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सार्थकता और उपयोगिता ग्रामीण सहभागिता द्वारा तय की जावेगी। अब ग्राम सभा की बैठक में सार्वजनिक तौर पर कार्यों का ऑडिट किया जावेगा। निर्माण कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सामाजिक ऐनीमेटर (व्हीएसए) के सहयोग से ग्राम समपरीक्षा द्वारा भौतिक मौखिक एवं दस्तावेजीय सत्यापन के आधार पर किया जावेगा। इसके बाद विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायतों में सत्यापन के बाद किया जावेगा इसमें संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ग्राम रोजगार सहायक और क्रियान्वयन ऐजेन्सी से उत्तरदायी सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे वे विशेष ग्राम सभा में कार्यों से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान यदि किसी ग्राम सभा में क्रियान्वयन ऐंजेन्सी से संबंधित पदाधिकारी/कर्मचारी कार्यवाही लेखन अधिकारी कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में नोडल अधिकारी अनुपस्थित रहते है तो ऐसी स्थिति में ग्राम सभा स्थिगित कर फिर से आयोजित की जावेगी।

# भारतीय जनता पार्टी का 42वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**भिण्ड-दबोह।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दबोह द्वारा दिनांक 6/4/2022 दिन बुधवार को समय सुबह -9 बजे सन्तोष यादव के निवास पर यादव गली वाड? 06 दबोह में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लाश के साथ मनाया जाएगा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे प्रभात फेरी निकाल कर पार्टी का झंडा वंदन कर राष्ट्रगीत का समूहिक रूप से गायन करने के तत्पश्चात भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र जी मोदी का सम्वोधन टी,बी, स्क्रीन मोवाईल ऐप,टेलीविजन पर हर बूथ पर सुना गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मण्डल अध्यक्ष नवल मिश्रा जी मण्डल प्रभारी शैलेन्द्र गुर्जर जी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।कार्यक्रम की अध्यक्षता पण्डित देविंद उपाध्यय जी ने की।इस मौके पर नवल मिश्रा ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी 42वा. स्थापना दिवस मनाया गया ।हमारे पार्टी के प्रेणास्त्रोत के द्वारा ही पार्टी के लिए काम किया जनसंघ की बागडोर सँभालकर श्याम प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्यय जी ने संघर्ष कर पार्टी को आगे बढ़ाया सबसे ज्यादा त्याग जनसंघ ने किया जनता पार्टी का गठन कर चुनाव लड़ा गया। 1984 के चुनाव में केवल पार्टी के दो लोग ही जीते कांग्रेश द्वारा हमारी पार्टी का मजाक बनाया गया परन्तु पार्टी ने हार नही मानी कार्यकर्ता लगातार प्रयासरत रहे।राजमाता ने पार्टी में काम किया उन्हें किसी भी प्रकार का कोई भी घमंड नही रहा।अटल जी की कार्यशैली दृढ़ता व ईमानदारी के साथ सरकार चलाई केवल एक बोट से हमारी सरकार चली गई परन्तु लोकतंत्र में उन्होंने अपने मूल्यों को नही झुकने दिया ।आज हमारे देश मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार है हमारी पार्टी की पूंजी कार्यकर्ता है कार्यकर्ता की ही दम पर आज हम देश व प्रदेश में राज्य कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठा के आधार पर ही चल रही है। राष्ट बाद,लोकतंत्र,गांधी गिरी,बसुदेवकुटुबकम का नारा पार्टी देकर आगे बढ़ रही हैं।मण्डल प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेश की जो दमन करी नीति थी उसके बिरोध में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई।1952 में जनसंघ की स्थापना की गई।स्थापना दिवस पर ,मंडल के पदाधिकारी,जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता,समस्त मोर्चो के पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष संयोजक,महामंत्री,बी ल,ए,एवं कार्यकर्ता वन्धु अपनेअपने बुथो पर पार्टी का झंडा बंदन किया व प्रधान मंत्री जी को सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री केशव गुप्ता जी, भगवान नायक जी ,अंजनी कुरचानिया जी,जनवेद यादव जी,सन्तोष यादव जी,राव सहाव गुर्जर,रविंद चिकवा,सुशील गोसुवामी,जितेंद यादव,अमन गोसुवामी,लालता कुशवाह,जसमन्त दोहरे आदि लोग मौजूद रहे।




# भाजपा मौं मंडल कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास से मनाया भाजपा स्थापना दिवस



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मौ।** भाजपा स्थापना दिवस के इस अवसर पर सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं प.दीनदयाल उपाध्याय, व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया,एवं शोभायात्रा निकालकर ,राष्ट्रगान गाया गया। एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संबोधन सभी कार्यकर्ताओं ने सुना, कार्यक्रम बार्ड क्रमांक 13 द्वारिका पुरी मे सम्पन्न हुआ इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पार्टी के बरिष्ट नेता केपी सिंह भदोरिया जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह द्वारा की गई।एंव सभी अतिंयों का स्वागत सुल्तान मोर्य ने किया एवं संचालन मंडल महामंत्री राजू मिश्रा द्वारा किया गया।आभार रामू कुशबाह ने किया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह रघुबीर सिंह पवैया सरनाम सिंह गुर्जर मेहबूब खां पंचम जाटव छत्रसाल जाटव रघुराज जितरबई डां सुनील गोयल सोनू खां पंकज कुशबाह दलीप कुशबाह संतोष यादव अमजद खां डां बेताल गोयल बबली यादव धर्मेन्द राणा राजू शर्मा पर्वत जादोन ओमी पबैया अबदेश श्रीबास अन्य वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रह।

# आम आदमी पार्टी यूथ विंग जिला कार्यकारणी घोषित

*बृजभान पटेल बनें यूथ विंग जिला अध्यक्ष*

**पन्ना।** आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश प्रभारी एवम कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार गोपाल राय जी की अनुमति एवम प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह जी की सहमति से यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष संदीप



साह जी के द्वारा जिला कार्यकारणी की घोषणा करते हुए जिले भर के दर्जन भर से अधिक पदाधिकारियों की घोषणा की गई है जिसमें पुरैना गुनौर निवासी बृजभान पटेल को यूथ विंग जिला अध्यक्ष नियुक्त गया हैं इसी क्रम में जिले में अन्य पदों की भी घोषणा हुई है जिसमें आरती प्रजापति को यूथ विंग महिला अध्यक्ष एवम उपाध्यक्ष स्वतंत्र कुशवाहा निवासी सिमरा पवई, एवम राजकुमारी यादव निवासी अजयगढ़, वासुदेव परमार निवासी देवेंद्रनगर, दीपेंद्र सिंह निवासी अमानगंज एवम संगठन मंत्री धर्मेंद्र चौधरी निवासी महेवा, सचिव भरत सिंगरौल निवासी पन्ना, सहसचिव प्रवीण द्विवेदी निवासी श्यामरडांडा, कोषाध्यक्ष प्रदीप पटेल निवासी ककरहाई, मीडिया प्रभारी शांति प्रसाद निवासी पतौरा, सोशल मीडिया प्रभारी अवधेश कुशवाहा निवासी सिमरा खुर्द, एवम कार्यकारणी सदस्य मनीष वाल्मीक निवासी शाहनगर, प्रवीण यादव निवासी पन्ना, प्रदीप सिद्धार्थ निवासी पन्ना को जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। बृजभान पटेल ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व एवम जिला अध्यक्ष अंजली यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि में अपने पद का निर्वहन पूरी निष्ठा लग्न मेहनत एवम पूरी ईमानदारी से मेहनत कर पार्टी का जिले भर में अत्यधिक मजबूती प्रदान करने का कार्य करूंगा श्री पटेल की नियुक्ति पर जिले भर के पार्टी पदाधिकारियों एवम समाजसेवियों एवम जिले भर के इष्ट मित्रों द्वारा बड़ी संख्या में शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

# अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु छात्र-छात्राएं ऑनलाईन आवेदन कर संबंधित संस्था में तीन दिवस में जमा कराए

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयीन शिक्षण संस्थाओं एवं उनमें अध्ययनरत छात्र-छात्राएं के लिए अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2021-22 हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर ऑनलाईन आवेदन अतिशीघ्र करने के निर्देश प्राप्त हुए है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु जिले के समस्त छात्र-छात्राओं से अपील की है कि शासन की इस सुविधा का लाभ उठाएं। छात्र आवेदन फार्म संस्था में जमा कराये। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त अनुसूचित जाति के छात्र-छात्रा अपने छात्रवृत्ति आवेदन फार्म 3 दिवस तक अनिवार्यत: ऑनलाईन कराकर अपनी संबंधित संस्था में जमा कराए एवं शासकीय अथवा अशासकीय महाविद्यालय ऑनलाईन किए फार्मो को नियमानुसार प्रस्ताव स्वीकृत कर कार्यालय आदिम जाति कल्याण विभाग शिवपुरी में 03 दिवस तक जमा कराए। निर्धारित अवधि उपरांत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा निर्धारित अवधि उपरांत विभाग द्वारा आवेदन स्वीकृत नहीं किया जा सकेगा।

# श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्राकट्य पर्व 10 अप्रैल को

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एकाग्र प्राकट्य पर्व का आयोजन 10 अप्रैल को सायं 7 बजे से कंट्रोल रूम के पीछे स्थित पुलिस क्लब ग्राउण्ड शिवपुरी में किया जाएगा। समारोह में विभाग द्वारा विशेष रूप से श्रीराम केंद्रित नृत्य नाटिका, गायन इत्यादि की सभाएं संयोजित की जाना है।

डिप्टी कलेक्टर एवं पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में श्रीरामकथा नृत्य-नाटिका के लिए नईदिल्ली से सुश्री मालती श्याम एवं उनके साथी गण तथा श्रीराम केन्द्रित भक्ति गायन के लिए मुम्बई से चरणजीत सिंह सौंधी एवं उनके साथीगण अपनी आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति देंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक आंतरिक कार्य सौंपा गया है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी शिवपुरी को कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा दोनों द्वार ड्यूटी लगाना, समस्त विभाग को उपरोक्त कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल लगाना, यातायात प्रभारी को पार्किंग एवं लोगों के आने-जाने हेतु आवश्यक ट्रैफिक व्यवस्था करना। एमपीईबी के कार्यपालन यंत्री अथवा सहायक यंत्री को कार्यक्रम में बिजली व्यवस्था करना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम में आ रहे कलाकारों के रुकने भोजन व आवागमन व्यवस्था हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था करना, कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराना तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्य स्थल पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करना, फायर विग्रेड की व्यवस्था करना, टेंट, बैठक, विद्युत व्यवस्था करने का कार्य सौंपा गया है।




# समीक्षा बैठक में अनुपस्थित सचिवों और रोजगार सहायकों को शिवपुरी जनपद सीईओ ने जारी किए कारण बताओ सूचना पत्र

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गगन वाजपेयी ने गतदिवस जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने, कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरते जाने पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों और रोजगार सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए है। सचिवों को जारी कारण बताओ सूचना पत्रों में ग्राम पंचायत गुरावल, इंदरगढ़, टेंहटा हिम्मतगढ़, कुंवरपुर, सूंढ, सिकरावदा, विलूपुरा, रातिकिरार, कांकर, ठेह, दर्रोनी, रायश्री, बडागांव तथा ग्राम पंचायत रोजगार सहायकों को जारी कारण बताओ सूचना पत्रों में बम्हारी, कलोथ्रा, धौलागढ़, रातिकिरार, मुढेरी, सतनवाड़कला, सतनवाड़ाखुर्द, खुटैला, गंगौरा, सिंहनिवास, ठर्रा, सिरसौद, करमांजकला, टोंगरा, मोहनगढ़, गढीबरोद एवं डबिया शामिल है। संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक कारण बताओ सूचना पत्र का स्पष्टीकरण 08 अप्रैल तक प्रस्तुत करें। जवाब प्रस्तुत न करने अथवा समाधानकारक न होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# संविदा फार्मासिस्ट एवं केयर कोऑडिनेटर के पद हेतु अपात्र उम्मीदवारों की सूची सीएमएचओ कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन द्वारा संविदा फार्मासिस्ट के एक पद एवं केयर कोऑडिनेटर के एक पद हेतु अपात्र उम्मीदवारों की सूची सीएमएचओ कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा दी गई है। जिन अभ्यार्थियों को अपात्रता के कारण पर आपत्ति दर्ज करना हो तो वे 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेजीय साक्ष्य के अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। एड्स कार्यक्रम अंतर्गत एआरटी सेंटर शिवपुरी में रिक्त संविदा फार्मासिस्ट के 01 एवं केयर को-ऑडीनेटर के 01 पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या सीमित करने हेतु छानबीन समिति द्वारा अपात्र उम्मीदवारों की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षय केन्द्र शिवपुरी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है।

# मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य मे पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग (सामुदायिक चिकित्सा विभाग) के द्वारा पोस्टिर मेकिंग (रंगोली) प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के प्रवेशित छात्रों ने भाग लिया। जिसमें छात्रों को 20 समूहों मे विभाजित किया और उनको निर्देशित किया गया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस 2022 की थीम ÷हमारा ग्रह हमारा स्वास्थ्य'' ''क्लीन अवर एयर, वाटर एण्ड फूड'' को ध्यान में रखते हुए बनाए। जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित की जाती है और विश्व के सभी देश जो इस संगठन के सदस्य है इस थीम को सार्थक करने हेतु इसी दिशा मे काम करते है।

उक्त प्रतियोगिता विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार अहिरवार की अगुआई में आयोजिन की गई। इस मौके पर कॉलेज अधिष्ठाता प्रोफे. डॉ. अक्षय निगम, अस्पीताल अधीक्षक डॉ.के.बी. वर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं प्रतिभागियों का आंकलन कर उनको पुरस्कृत किया। इस मौके पर विभाग एवं कॉलेज के समस्ता चिकित्सक शिक्षक, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहें। इस दौरान प्रथम पुरस्कार समूह में फ्लोरसेंट डेबिड, अंकिता सिंघल रहें। द्वितीय पुरस्कार समूह में यशविनी वर्मा, ओजसविनी वर्मा, पंखुड़ी गुर्जर, मिहिका श्रीवास्तव, सोना मीना रहें जबकि तृतीय पुरस्कार समूह में यश स्वामिनी, राहुल सेन, गुलजेन्द्र सिंह, अंशुल राठौर, देवन अग्रवाल रहें। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूहो के छात्र एवं छात्राओं को अधिष्ठाता, अधीक्षक व विभागाध्यक्ष द्वारा मोमेन्टो एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गये एवं छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया।



# निदानात्मक आकलन कार्यशाला संपन्न

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिला अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रथम बार नैदानिक आंकलन हेतु चिन्हित विद्यालयों के केन्द्र अधीक्षक एवं परीक्षा प्रभारी का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला उत्कृष्ट विद्यालय क्र.-1 शिवपुरी में किया गया।

उक्त नैदानिक आंकलन में विद्यार्थियों के लर्निंग स्तर का ज्ञात कर तदनुसार शिक्षा एवं शिक्षण विधियों में रणनीति बनाकर परिवर्तन लाना मुख्य उद्देश्य है। जिले के कक्षा-9 वीं के 13 विद्यालयों एवं कक्षा 11 वीं के 04 विद्यालयों को राज्य स्तर से विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम के मूल्यांकन हेतु चयन किया गया है। विभाग द्वारा इस तरह का मूल्यांकन हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षाओं में पहली बार कराया जा रहा है। जिसका उद्देश्य शैक्षिक गुणवत्ता का विकास जानना और उपलब्धि स्तर को हासिल करना है विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन के साथ-साथ शिक्षको के गुणवत्ता स्तर को इसके माध्यम से जाना जायेगा जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है यह परीक्षा अब 11 अप्रैल 2022 के स्थान पर 18 अप्रैल 2022 को होगी। इस परीक्षा में कक्षा 9वीं के 1574 एवं कक्षा 11 वी के 859 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगें। कक्षा 9 वीं और 11 वीं में वैल्यू एंड बिहेवियर और सोशल इमोशनल लर्निंग को कॉमन विषय के रूप में रखा गया है इसका उद्देश्य किताबी ज्ञान के साथ साथ सामाजिक शिक्षा भी है। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई जिसमें संस्था के प्राचार्य श्री विवेक श्रीवास्तव, श्री एन.के जैन प्राचार्य , श्री एम.यू.शरीफ ए.डी.पी.सी. आर.एम.एस.ए. शिवपुरी एवं जिले के संबंधित संस्था के प्राचार्य उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया जिसका संचालन आई.टी.शिक्षक श्री अनिल रावत द्वारा किया गया।





# चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने दिये मलेरिया डेंगू से बचाव के संदेश

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** गोदरेज के सहयोग से जिला स्वास्थ्य समिति व फैमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में क्रियान्वित एंबेड परियोजना के तहत आज विकासखंड पिछोर के ग्राम उमरीकला के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने चित्रों के माध्यम से मलेरिया व डेंगू मुक्त बनाने का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में 53 बच्चों ने भाग लिया। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.पवन जैन, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ संजय ऋषिवर , मलेरिया सलाहकार डॉ.राजेश वर्मा व जिला समन्वयक एंबेड परियोजना दीपक जौहरी ने बताया कि जिले में मलेरिया डेंगू से बचाव हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों के माध्यम से घर घर मलेरिया व डेंगू से बचाव का संदेश पहुंच सके इसके लिए बच्चों के साथ चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार लोधी व एंबेड टीम के सदस्य महेश कुमार, रियाज, सत्येंद्र, बंटी एवं विजय का योगदान रहा।

# चाचोडी के मडपानाडा मामाजी मंदिर मेले मे उमड़ा आस्था का सैलाब

**रानी पाली।** निकटवर्ती चाचोडी स्थित मडपानाडा मामाजी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को भोपाजी खेताराम सीरवी कोटवाल लालाराम सीरवी भगवानपुरा के सानिध्य में मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। रात्रि में विशाल भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया राजस्थान के जाने-माने लोक कलाकार गोविंद दास वैष्णव एंड पार्टीद्वारा एक से एक बढ़-चढ़कर मामाजी के नाम पर भजनों की प्रस्तुति दी।

मेले में मेलार्थियों ने दुकानों से सामग्री खरीद,झूले में बैठकर लुत्फ उठाया । दो वर्षो बाद हुए मेले के आयोजन में आसपास के करीब दस बीस गांवो के लोगो ने मेले का लुत्फ उठाया। वही चाचोडी घाछी समाज के गहलोत गोत्र भामाशाह परिवार मोहनलाल सुपुत्र स्वर्गीय खुमाराम गहलोत द्वारा महा प्रसादी का भोग मामाजी के चरणों में अर्पित कर प्रसादी कार्यक्रम का किया शुभारंभ । इस मौके पर सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने मेले से अपनी संस्कृति की पहचान को

## दर्शन कर श्रद्धालुओं ने की खुशहाली की कामना

बढ़ावा मिलने की बात कहते हूए लोगों में आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। कहा कि ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे आनेवाली पीढ़ी को संस्कृति के बारे में ध्यान रखेगी। मेले धार्मिक आस्था की प्रतीक माने जाते हैं। यहां महिलाओं ने मेले मे पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाकर में उत्साह दिखाया।

## मामाजी मेले के लाभार्थी

महा प्रसादी के भामाशाह मोहनलाल सुपुत्र स्वर्गीय खुमाराम गहलोत चाचोड़ी मामाजी घोड़ी के लाभार्थी रामलाल पुत्र खीमा राम चौधरी। लाइट डेकोरेशन के लाभार्थी। मोहनलाल सुपुत्र रुपाराम चौधरी खूनी का गुड़ा। टेंट व स्टेज के लाभार्थी राकेश कुमार पुत्र रघुनाथ मेघवाल चाचोड़ी। भजन पार्टी के लाभार्थी रावजी किराना स्टोर। जल व्यवस्था के लाभार्थी जितेंद्र कुमार पुत्र कालूराम गाडोलिया लोहार। वीडियो फोटो के लाभार्थी अशोक पुत्र भंवर दास वैष्णव सिरयारी। स्वागत साफा माला के लाभार्थी भूराराम किरण कुमार पुत्र वक्ता राम मेघवाल। चाय की व्यवस्था दिनेश भरत पुत्र मोतीलाल गहलोत चाचोड़ी। मंदिर में गादी के लाभार्थी मोहन लाल सुपुत्र धीराराम जी चौधरी भगवानपुरा। ड्रोन शूटिंग के लाभार्थी मांगीलाल सुपुत्र भूर सिंह राव।

बढ़ती गर्मी के चलते चाचोडी मामा जी मंदिर के प्रांगण पर भामाशाह परिवार द्वारा जगह पर पेयजल व्यवस्था रही जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। मामाजी के विशाल ऐतिहासिक भव्य मेले में आगामी वर्ष के लाभार्थी वर्ष 2023 भरत सिंह सुपुत्र फूल सिंह सिंह सेवड राजपुरोहित चाचोडी। वर्ष 2024 वनाराम पुत्र शोभाराम सिरवी चाचोडी। वर्ष 2025 मोहनलाल वक्ता राम। त्रिमूर्ति द्वारा 3 वर्ष के आगामी विशाल मेले में महाप्रसाद सहित संपूर्ण मेले के व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी ली गई।

## यह रहे मोजुद

इस मौके पर सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित पूर्व सरपंच मखनाराम चौधरी पूर्व सरपंच पिराराम देवासी। जेटू सिंह चंपावत नारायण सिंह चंपावत सेल सिंह चंपावत रणजीत सिंह राजपुरोहित शैतान सिंह राजपुरोहित चंपालाल राजपुरोहित दूध सिंह राजपुरोहित सोहन सिंह जसराज सिंह राजपुरोहित सोहन सिंह भोपाजी नैनाराम चौधरी मेगा राम चौधरी वरदाराम चौधरी भगवान लाल बामणिया ग्राम रोजगार सहायक चाचोड़ी। किरण मेगवाल भामाशाह मोहनलाल गहलोत मांगीलाल गहलोत दिनेश गहलोत समेत विभिन्न जाति के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गोले का मन्दिर से भूतपूर्व सैनिकों ने अपना विरोध प्रदर्शन करने के लिए निकाला फ्लैग मार्च




**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** गोले का मंदिर पर पूर्व सैनिकों को पुलिस भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण न दिए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया और साथ ही फ्लैग मार्च निकाला गया फ्लैग मार्च धरना स्थल से मुरार रोड सुरुचि होटल तक निकाला गया फ्लैग मार्च में पूर्व सैनिकों में भारी असंतोष दिखा अगर पूर्व सैनिकों को आरक्षण नहीं मिला तो यह आंदोलन आने वाले समय में कोई भी रूप ले सकता है पूर्व सैनिकों का यह कहना है कि जब तक हमारा हक हमैं नहीं मिल जाता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा यह जानकारी आंदोलन के कार्यकारी अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह तोमर एवं समस्त पूर्व सैनिक ग्वालियर चंबल संभाग दी गई।

## चरित्र शंका में पत्नी की हत्या, रस्सी से घोटा गलाः मौत छुपाने लोगों से बोला- बुखार से मर गई

**गरियाबंद।** जिले में पति ने पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी। पति - पत्नी में अक्सर चरित्र शंका को लेकर झगड़ा होता था। आरोपी ने मवेशी बांधने वाली रस्सी से उसका गला घोंट दिया। पत्नी के मरने के बाद हत्या छुपाने के लिए लोगों से कहा कि बुखार से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जब शव का पोस्टमार्टम कराया तब हत्या की बाद सामने आई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, फिंगेश्वर के सिर्रिकला निवासी भूषण दास मानिकपुरी की पत्नी गीता बाई की 31 मार्च को मौत हो गई। इस पर भूषण थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि गीता बाई 5-6 दिन से बुखार से पीड़ित थी। इसके चलते उसकी मौत हो गई। इस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीएम रिपोर्ट से पता चला कि गीता को बुखार नहीं था बल्कि उसकी गला घोटकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने गांव वालों से पूछताछ शुरू की तो जानकारी मिली कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। दोनों एक-दूसरे के चरित्र पर संदेह करते थे। इसके चलते एक ही घर में रहकर भी अलग-अलग खाना बनाते थे। इसके बावजूद दोनों में झगड़ा होता रहता था। इस पर पुलिस ने संदेह के आधार पर भूषण को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया की 31 मार्च को चरित्र शंका को लेकर फिर गीता ने झगड़ा शुरू कर दिया। बात इतनी ज्यादा बढ़ी की दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। इसी बीच गुस्से में आकर पति ने मवेशी बांधने वाली रस्सी से गीता का गला घोंट दिया।

# पुराने जल स्रोत को पुनः जीवित करे जन अभियान परिषदः विधायक

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जल संसद में कलेक्टर और जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी रखे विचार समाज सेवियों का किया आह्वान जो भी पुराने जल स्त्रोत हैं उनको बचाना पहली प्राथमिकता है, यदि जन अभियान परिषद उनको बचाने के लिए अभियान छेड़े तो जल संरक्षण के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य होगा। उक्त बात क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कही। वे जिला पंचायत सभागार में आयोजित जल संसद कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया, नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक आशुतोष साहू, एनएसएस के जिला कार्यक्रम धीरज गुर्जर, विकासखण्ड समन्वयक लहार सुनील कुमार चतुर्वेदी, विकासखण्ड समन्वयक रौन जय प्रकाश शर्मा सहित, समाज सेवी शैलेश नारायण सिंह, राधेगोपाल यादव, सुनील दुबे सहित समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि एनएसएस की वॉलिंटियर जनपद पंचायत भिण्ड के जीआरएस एवं एनआरएलएम के स्वयं सहायता समूह के सदस्य सहित कई प्रतिष्ठित समाजसेवी उपस्थित थे। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कहा कि अब समय आ गया है अब हम अपने जल स्रोतों की चिंता करें और उन्हें बचाने के लिए प्राणपण से जुड़ जाएं यही बात ऊर्जा संरक्षण के साथ भी लागू होती है क्योंकि आपने कई बार अपने कार्यों के माध्यम से समाज में एक छाप छोड़ी है अभी अंकुर अभियान में भी आपकी भूमिका बहुत ही अग्रणी और प्रशंसनीय रही है अतः अब इस भीषण गर्मी में हमारा यह दायित्व बनता है कि हम जल संरक्षण के प्रति संजीदा होकर कार्य करें।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि हर काम जिला प्रशासन या शासन करे इस व्यक्ति को हमें जोड़ना होगा और जन भागीदारी जन सहयोग से कार्यों को आगे बढ़ाना होगा इसके लिए हमें सबसे पहले छोटे-छोटे कार्यों के माध्यम से अपनी पहचान बनानी होगी जो कार्य शासन स्तर पर हैं उन्हें निगरानी कर सुधारने का काम शासन अपने स्तर पर करेगा लेकिन जन सामान्य में आपकी बात अधिक प्रभावी ढ़ंग से सुनी जाती है अतः आप लोग यदि किसी अभियान में अपनी सहभागिता करते हैं तो वह अभियान निश्चित तौर पर सफल होता है मैं कोरोना वॉलियंटर अभियान इसका प्रमाण है जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री रामनारायण हिंडोलिया ने कहा कि जन अभियान परिषद और उसके आज यहां आए हुए तमाम समाज सेवी संगठन यदि ठान लें तो निश्चित तौर पर हम अपने शहर की दशा और दिशा बदल सकते हैं हमें बस अच्छे मन से सामाजिक कार्यों हेतु समर्पित होना है कार्यक्रम में अन्य समाजसेवियों ने भी अपने विचार रखे और सुझाव दिए कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया एवं आभार प्रदर्शन सुनील कुमार चतुर्वेदी ने किया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्यता पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर परशुराम छात्रावास पर हुई विप्र बंधुओं की वृहद बैठक का हुआ आयोजन

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

7 मई को ऐतिहासिक भव्यता पूर्ण तरीके से निकाला जाएगा भगवान परशुराम चल समारोह एव भगवान परशुराम क्षात्रावास मंदिर पर होगा विशाल ऐतिहासिक आम सभा का आयोजन भिण्ड । जिला के भगवान परशुराम मंदिर पर विशाल विप्र बंधुओं की एक वृहद बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 7 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवँ चल समारोह को भव्यता पूर्ण ऐतिहासिक रूप से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया, उक्त बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष भगवानदास बाबा सैंथिया ने की ,सर्व प्रथम बैठक की शुरुआत में भगवान परशुराम मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, एवं भगवान परशुराम जी का विधिविधान से पूजन अर्चना कर महाआरती की गई तत्पश्चात भगवान परशुराम का पूजन उपरांत उक्त बैठक प्रारंभ की गई उक्त बैठक में भिंड जिले के वरिष्ठ विप्र बंधु मौजूद रहे, उक्त बैठक का संचालन समाज के वरिष्ठ ब्राह्मण महासभा के जिला कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा के द्वारा किया गया, इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी बिहारी बाल मंदिर स्कूल के संचालक राजेश शर्मा ने कहा कि आगामी 7 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव चल समारोह एवं विशाल आम सभा का आयोजन परशुराम छात्रावास पर रखा गया है आमसभा दोपहर 11 बजे से सायंकाल 4 बजे तक किया जाएगा, ततपश्चात सायंकाल 4ः00 बजे से चल समारोह भगवान परशुराम मंदिर छात्रावास से प्रारंभ होकर लहार रोड होते हुए किला रोड बजरिया से परेड चौराहा से होते हुए नवादा हनुमान जी मंदिर पर पहुंचकर समापन होगा,ओर उसके बाद विशाल ब्राह्मण बंधुओ के लिए भोज भंडारा आयोजित किया जाएगा, इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में कोई भी ब्राह्मण बंधु चंदा एकत्रित नहीं करेगा ,सर्वसम्मति से सभी विप्र बंधुओं एवँ महासभा के पदाधिकारियों को उनकी स्वेच्छा के अनुरूप परशुराम जन्मोत्सव को भव्यता पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई ,इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित माधव राम शर्मा जी ने कहां इस बार जिले के सभी विधानसभा एवं तहसील तथा मंडलएव ग्राम पंचायत स्तर से ब्राह्मण समाज के बंधुओं को इकट्ठा कर आगामी परशुराम जन्मोत्सव चल समारोह में आमंत्रित किया जाएगा ,तथा भगवान परशुराम जन्मोत्सव को ऐतिहासिक एवं भव्यता पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा इसके बाद सभी समाज के बंधुओं ने अपने अपने विचार रखे, इस अवसर पर,ब्राह्मण महासभा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा,एवँउमा राजौरिया ने संयुक्त रूप से कहा कि पूरे भिंड जिले में महिलाओं को आमंत्रित किया जाएगा एव सभी मातृशक्ति बहिने घर घर जाकर पीले चावल एव ,आमंत्रण पत्र दिए जाएंगे इस अवसर पर उपस्थित विप्र बंधुओ में संतोष बोहरे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मिहोना, सुनील त्रिपाठी निराला ,कृपाशंकर शर्मा,मुकेश दीक्षित प्रवक्ता ,अनिल बोहरे,रमेश त्यागी सरपंच रोन, रामविलास शर्मा बहुआ,दीपक चौधरी, रामकुमार पुरोहित,प्रेम शर्मा,अशोक विरथरिया,डॉ राधेश्याम शर्मा,मुन्ना सैंथिया,शशिकांत राजौरिया ,विनोद पंडित,हरिबाबू निराला,जय कुमार सरपंच रेपुरा,सतीश जोशी,छुटंकी समाधिया,जयद्रथ पांडेय लहार, आशुतोष शर्मा मिहोना,डॉ तरुण शर्मा, गिर्राज पाण्डे, विजय देपुरिया, जगदीश शर्मा ठेकेदार, गणेश पाराशर, रामभरोसे पुरोहित, नीरज गौतम,एड उमाकांत मिश्रा, रामदत्त तिवारी, मायाराम शर्मा, संत कुमार शुक्ला, मनोज पुरोहित बगुलरी,सुभाष कटारे, सत्ते सैंथिया, जय प्रकाश दुवे ,त्रिलोकी नाथ दुवे,धर्मेंद्र त्रिपाठी कवि,कृष्णा पुरोहित,देवेंद्र थापक,राजीव शर्मा, संतोष त्रिपाठी, आदित्य द्विवेदी, कौशल शर्मा,कमल किशोर शर्मा, सहित सेकड़ो विप्र वन्धु मौजूद रहे।



## पोहरी के जयस्तंभ् चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के 42 वें स्थापना दिवस मनाया गया

**अरूण खंगार पुष्पांजली टुडे**

**पोहरी द्य** समारोह में मुख्य अतिथि प्रहलाद भारती उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा मध्य प्रदेश शासन शामिल हुए। ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रयगान गाया गया। तत्पपश्चाचत् पार्टी के संस्थापक सदस्यों के चित्रों पर माल्यापर्ण किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोदन को एलईडी पर वर्चुअली सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमनी ने की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दिनेश जाटव ने किया एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री शिवम वर्मा नानौरा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मोहन उपाध्याय डॉ. हरीशंकर धाकड, विनोद जैन बल्लू श्रीवास्तव कुलदीप शर्मा, रेखा बंसल राजकुमारी धाकड कुसुम लखन व सारिका योगी बृजेन्द्र धाकड बृजेश धाकड भरत राजे मोहन रजक हेमन्त गर्ग व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## बच्चे वास्तव में भगवान का स्वरूप होते हैं।कथा व्यास पाराशर

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर चम्बल संभाग पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।**भिण्ड शहर के शास्त्री नगर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में छटवें दिन आचार्य श्री श्यामसुंदर पाराशर जी ने कथा प्रसंग में कहा कि छोटे बच्चे भगवान का रूप होते हैं।तथा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने भी कृष्ण जन्म के समय अपने बचपन में सभी प्रकार की लीलाएं की थीं।छोटे स्वरूप में भगवान कृष्ण ने अपनी शक्तियों को दिखाना शुरू कर दिया था।जिससे कंस का साम्राज्य हिल गया था।कई दैत्य कन्हैया को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आये और अंत में परास्त होते गए।भगवान की बाल लीलाओं का बहुत ही अच्छे तरीके से बखान करते हुए कहा कि बच्चे भगवान का वह रूप होते हैं जिनमें किसी भी प्रकार का छल कपट व हीन भावना नहीं होती है।बच्चों को बड़े ही लाड़ प्यार से रखना चाहिए।भक्ति का आनंद ले रहे श्रोताओं ने बड़ी शांती से कथा का रसपान किया।यहाँ आपको बता दें कि भागवत कथा 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक चलेगी।कथा शहर के शास्त्री नगर में आयोजित की जा रही है।जिसमें पारीक्षत श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री राधेश्याम उदैनिया शिक्षक सायना वाले हैं।कथा में शाम के समय जब कथावाचक महाराज जी द्वारा गोवेर्धन पूजा के बारे में बखान किया तो श्रद्धालुओं ने गोवर्धन की पूजा की व परिक्रमा लगाई।तथा गोवर्धन भगवान के 56 भोग लगाए।वहां मौजूद सभी भक्त कृष्ण भक्ति के गीतों पर जमकर झूमे एवं नृत्य किया।कथास्थल पूर्ण रूप से भक्ति में लीन दिखाई दे रहा था।

## बेजुबान जीवो की सेवा करना धर्म का कार्य है :भगाराम सीरवी

**पुष्पाजंली टुडे**

**चैन्नई-** - चेन्नई शहर मरीना बीच पर बेजुबान पक्षियों के दाने के लिए जिव दया प्रेमियों ने 2008 से शुरुआत की थी । तब मात्र उस समय 10 कबूतर थे ।नियमित रूप से हमेशा बेजुबान पंक्षियो को दाना खिलाने से पक्षियों की संख्या आज करीबन एक लाख से ज्यादा कबूतर और 50 कुत्ते भी है 1 दिन की 50 किलो की 14 बोरी ज्वार मक्खी बाजरे मूंग के दाने पंक्षयो को खिलाते है।भगवान सीरवी ने बताया की रोज सुबह 4ः00 बजे उठकर पंक्षियो को दाना खिलाते है चाहे बारिश हो या गर्मी हर मौसम में वो सेवा देते है ।भगाराम जी सीरवी के साथ भीमराज माली खेमचंद सुराणा जगदीश सीरवी भी उनके साथ मिलकर हमेशा सेवा का काम कर रहे है

# पुलिस थाना पिछोर ने शराब पीकर खतरनाक ढंग से बोलेरो चलाने वाले चालक को दबोचा



**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** पिछोर थाना द्वारा सशक्त कार्रवाई शराब पीकर खतरनाक ढंग से बोलेरो चलाने वाले चालक को दबोचा कोर्ट ने किया 10500 रुपए का जुर्माना दिनांक 4/4/22 को पुलिस थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर मय अपनी टीम के साथ पैदल गस्त करते हुए बस स्टैंड के पास बाजार में पहुंचते तो फरियादी अनिल भदोरिया निवासी राजा महादेव पिछोर ने शिकायत की थी आज शाम में अपनी मोटरसाइकिल से तहसील रोड से बस स्टैंड की तरफ जा रहा था तो सामने से एक वेलेरो बिना नंबर का चालक है बोलेरो तेजी व लापरवाही व उतावलापन से चला कर लाया और सामने से टक्कर मारने वाला था एवं मैं बड़ी मुश्किल से बचा तत्काल पुलिस टीम ने चालक को दबोचा जो अत्यधिक शराब पिए हुए था व बोलेरो नंबर एमपी 07 सीके 7290 को जप्त कर थाना लाया गया फरियादी अनिल भदौरिया की रिपोर्ट पर थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 158 /22 धारा 279 आईपीसी का पंजीबद्ध किया चालक का मेडिकल कराया जिसमें डॉक्टर साहब ने चालक के शराब पीने की पुष्टि की प्रकरण में धारा 185, 77/177 एम् व्ही एक्ट का इजाफा किया व चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा चालक असंतोष लोधी निवासी नई बस्ती पिछोर पर 10500 रुपए का अर्थ दंड किया यदि इस चालक के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही नहीं की जाती तो अवश्य ही है शराब के अत्यधिक नशे में वाहन चालक को कोई गंभीर घटना कस्बा पिछोर में गठित कर सकता था नए प्रावधान में शराब पीकर वाहन चलाने पर धारा 185 एम व्ही एक्ट में 10000 अर्थदंड का प्रावधान किया गया है देखने में आ रहा है की घटनाओं में होने वाली मृत्यु या घायल होने की घटनाओं में अक्सर मुख्य कारण शराब पीकर वाहन चलाना ही रहता है शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी पुलिस टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक अरविंद यादव राघवेंद्र चौहान आरक्षित बृजेश राणा रामनाथ राघवेंद्र पाल गौरव जाट शामिल रहे

## हिन्दू धर्म के के विरुद्ध अगर कोई जाता है तो बजरंग दल बर्दाश्त नहीं करेगा

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंलि टुडे**

**पलेरा।** पलेरा प्रखंड के सेपुरा गांव में श्री राम यज्ञ में जानवरों की हड्डी डालने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार आज बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना मिली और बजरंग दल प्रखंड संयोजक राजेंद्र राय प्रखंड मंत्री राजेंद्र सिंह भारती मौके पर पुहंचे और आरोपी को पुलिस के साथ थाने में पुहचाय शिकायती पलेरा थाना प्रभारी मुकेश जी को एक आवेदन दिया और कड़ी कार्यवाही करने की माग की है बजरंग दल ने जो आवेदन दिया है जिसमें उल्लेख किया गया है सैपुरा गांव में श्री राम महायज्ञ हनुमान जी मंदिर प्रांगण पर रामू लिटोरिया बाबा की वेशभूषा में रहने वाले पाखंडी ने यज्ञ को भंग करने का प्रयास किया जानवरों की हड्डी डाली बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जब तक यज्ञ संपन्न नहीं हो जाता तब तक के लिए आरोपी को जेल में रखने की मांग की

## माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी से वृक्षारोपण की प्रेरणा मिली है करैया




**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

भारतीय जनता पार्टी मेहगांव मंडल महामंत्री एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी रोहित करैया जी के जन्मदिन के उपलक्ष में वार्ड 12 मैं वृक्षारोपण कार्यक्रम जिस मैं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और काफी संख्या में मित्रगण उपस्थित रहे रजत मुदाल प्रचार महामंत्री रामु राठौर मंडल मंत्री मंदिर के पुजारी जी और कालीचरण शाक्य मंडल महामंत्री राहुल राठौर पवन थापक मंडल कार्यकारिणी सदस्य और सभी ने रोहित करैया जी को अनंत शुभकामनाएं दीर्घायु की कामना की रोहित करैया एक संगठन के प्रति निष्ठावान हर पल संगठन के कार्यों के लिए समर्पित रहने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता हैं जन्मदिन के शुभ अवसर करैया जी को सोशल मीडिया एवं फोन कॉल एवं अन्य कई माध्यमों से बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रहे हैं भारतीय जनता पार्टी मेहगांव मंडल महामंत्री रोहित करैया जी ने जन्मदिन पर सभी मित्र मंडल एवं वरिष्ठ जनों से दिए आशीर्वाद बधाई एवं शुभकामनाओं के लिए हृदय की गहराइयों से धन्यवाद बहुत-बहुत आभार जताया

## नींद का झोंका आने से पलटा ट्रक बड़ी घटना होने से बचे

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिले के तहसील करैरा थनरा चौकी की है जहां एक ट्रक ॥क्र38ष्ट0304 माल लोड करके अहमदाबाद से कोलकाता की ओर जा रहा था इसी बीच जब वह धनराज चौकी क्षेत्र तभी अचानक ट्रक ड्राइवर को नींद का झोंका आ गया जिसकी वजह से ट्रक रोड के साइड में जाकर पलट गया इसमें ड्राइवर को कंधे पर मामूली चोट आई है



और किसी प्रकार का कोई बड़ा हादसा नहीं हो पाया है इस प्रकार के हादसे से सभी ड्राइवरों को एक सबक एक सीख लेनी चाहिए की जब तक नींद पूरी ना हो तब तक वह ड्राइविंग ना करें इससे वह स्वयं भी सुरक्षित रहेंगे और सामने वाले व्यक्ति भी सुरक्षित रहेंगे ईश्वर की कृपा रही कि कोई बड़ी घटना घटने से बच गई इससे बहुत बड़ी घटना होने की संभावना भी देखी जा रही है मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने बताया की ड्राइवर को नींद आने की वजह से ट्रक साइड में जाकर पलट गया इससे किसी प्रकार का कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन इस प्रकार की ड्राइविंग करने से अच्छा है की ट्रक ड्राइवर पहले पूरी तरह से नींद ले इसके बाद अपने ट्रक को अपनी मंजिल पर पहुंचाएं

# विद्युत बिलों को माफ करने का ऐतिहासिक कार्य किया है प्रदेश सरकार ने: मंत्री भारत सिंह

### ग्वालियर के 61 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के 165 करोड रुपए के बिजली बिल

### राहत योजना 2022 के तहत माफ






ग्वालियर। मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना-2022 का शुभारंभ हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 88 लाख बिजली उपभोक्ताओं को 6414 करो? 32 लाख रूपए की राहत राज्य सरकार की ओर से दी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कटनी जिले के स्लीमनाबाद में आयोजित समारोह से संबोधित भी किया। ग्वालियर जिले का जिला स्तरीय आयोजन नगर निगम के बाल भवन में आयोजित हुआ।

प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में ग्वालियर महानगर के 61 हजार उपभोक्ताओं के 165 करोड़ रूपए का बिजली बिल माफ किया गया है। मंत्री श्री कुशवाह ने बिजली उपभोक्ताओं को बिजली माफी के प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने इस मौके पर कहा है कि कोरोना काल में जब लोग संकट की घड़ी में थे और रोजी-रोटी के लिये परेशान थे, तब प्रदेश सरकार ने उनकी चिंता की और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 31 अगस्त 2020 तक की मूल बकाया एवं अधिभार की राशि मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना के तहत माफ की है। इससे प्रदेश के 88 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुँचेगा।

मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लोगों की समस्याओं को समझा और उनके कोरोना काल में भी बिजली बिलों को स्थगित करने का निर्णय लिया था। बाद में योजना के माध्यम से बिल माफी का भी कार्य किया है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गरीब एवं सर्वहारा वर्ग की तकलीफ को समझते हुए बिजली बिलों को माफ करने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है वह सराहनीय है। इससे विद्युत के ऐसे उपभोक्ता जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें सीधा लाभ मिलेगा। ग्वालियर जिले में 61 हजार उपभोक्ताओं के 165 करोड़ रूपए का बिल इस योजना के तहत माफ किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के 21 हजार उपभोक्ताओं के 36 करोड़ रूपए योजना के तहत माफ हुए हैं।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, पूर्व साडा अध्यक्ष श्री जयसिंह कुशवाह, पूर्व सभापति श्री बृजेन्द्र सिंह जादौन, वरिष्ठ नेता श्री अशोक शर्मा, श्री अरुण तोमर, श्री किशन मुदगल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, विद्युत कंपनी के महाप्रबंधक शहरवृत्त श्री कटारे सहित अन्य अधिकारी एवं विद्युत उपभोक्ता मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने बिजली उपभोक्ताओं को दी बधाई

प्रदेश के जल संसाधन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना-2022 के तहत लाभान्वित हुए 61 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आम जनों की परेशानी को समझा और कोरोना काल के विद्युत बिलों को माफ करने के लिये योजना बनाकर प्रदेश भर में 88 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के 6414 करोड़ 32 लाख रूपए की राशि को माफ करने का ऐतिहासिक काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा साक्षरता अभियान में दिया जायेगा प्रदेश एवं जिला स्तरीय अवार्ड

**अवार्ड के लिये छ् श्रेणियाँ निर्धारित**

ग्वालियर। राज्य शासन ने ऊर्जा साक्षरता अभियान में नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य एवं जिला स्तरीय अवार्ड÷ देने का निर्णय लिया है। दोनों अवार्ड 6 श्रेणियों में दिये जायेंगे। राज्य स्तरीय अवार्ड का चयन प्रबंध संचालक ऊर्जा विकास निगम की अध्यक्षता में गठित कमेटी और जिला स्तरीय अवार्ड का चयन जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा। अवार्ड के रूप में ऊर्जा दक्ष उपकरण जैसे पंखे, स्टार रेटेड एलईडी ट्यूबलाइट, बल्ब और अन्य स्टार रेटेड उपकरण और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। "USha अवार्ड - प्रदेश÷ में प्रतिमाह ऊर्जा साक्षरता अभियान में सर्वाधिक पंजीयन संख्या के आधार पर प्रदेश के प्रथम जिले को, प्रतिमाह सर्टिफिकेशन संख्या के आधार पर प्रदेश के प्रथम जिले को, ऊर्जा संरक्षण संहिता अपनाने वाली उत्कृष्ट इमारतों और अन्य भवन जो ऊर्जा बचत प्रमाणित करते हैं, को दिया जाएगा। अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विश्वविद्यालय, विभाग, उद्योग और संस्थान को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। अभियान में नवाचार करने वालों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में प्रदेश में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। "USha अवार्ड - जिला÷ अभियान में सर्वाधिक पंजीयन एवं सर्टिफिकेशन करने वाले सबसे उत्कृष्ट स्कूल, कॉलेज और शासकीय कार्यालय को प्रथम पुरस्कार मिलेगा। जिले में ऊर्जा दक्षता अपनाने वाले सबसे उत्कृष्ट व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। पंजीयन कराने वाले सबसे उत्कृष्ट किसान और गृहणी को भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार की एक अन्य श्रेणी विशेष उपलब्धि के लिये भी निर्धारित की गई है। किसान का चयन उनके द्वारा ऊषा से जु?ने और कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य जैसे- ड्रिप इरीगेशन, सोलर पंप आदि सम्मिलित किये जा सकते हैं।

### किसान भाई समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय हेतु स्लॉट एवं दिनांक का चयन करें

ग्वालियर। किसान भाईयों से वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी हेतु स्लॉट बुकिंग कर उपार्जन केन्द्र एवं दिनांक का चयन की सुविधा प्रदान की गई है। किसान भाई अपने गेहूँ विक्रय हेतु www.mpeuparjan.nic.in पर स्लॉट बुक करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ग्वालियर ने बताया कि यह सुविधा किसान भाईयों को 13 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। इसके उपरांत स्लॉट बुकिंग की सुविधा बंद कर दी जायेगी। सभी किसान भाई निर्धारित दिनांक तक अपने गेहूँ समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु स्लॉट एवं दिनांक बुक करा सकते हैं।




## नव आरक्षक (सामान्य) बैच क्रमांक-149 एवं 150 की सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर में दीक्षांत परेड का आयोजन

ग्वालियर। सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर में गुरूवार को नव आरक्षक (सामान्य) बैच क्रमांक-149 एवं 150 कुल 402 नवआरक्षक प्रशिक्षणार्थियों की दीक्षांत परेड आयोजित की गई। इस परेड के मुख्य अतिथि एयर वाईस मार्शल, श्री एस रवि वृद्धाचलम, वी एम, वी एस एम, महानिरीक्षक (वायु) बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली द्वारा दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली जिनकी अगवानी श्री विपिन पाँथरी, कमाण्डेंट (मुख्य अनुदेशक) सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर ने की। इनके अलावा सीमा सुरक्षा बल अकादमी व सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक तथा प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकगण भी उपस्थित हुए । सभी प्रशिक्षु कार्मिकों को मुख्य अतिथि के समक्ष देश के संविधान के प्रति एकता, अखण्डता एवं सम्प्रभुता को बनाए रखने के लिए अपने आपको समर्पित करने की शपथ दिलाई गई है।



परेड में कुल 402 प्रशिक्षणार्थियों को सहायक प्रशिक्षण केन्द्र सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर में योग्य अनुदेशको द्वारा 44 सप्ताह का विभिन्न विषयों में गहन बुनियादी प्रशिक्षण देकर इन्हें एक सामान्य नागरिक से कुशल व प्रशिक्षित आरक्षक के रूप में डाल दिया गया है ।

प्रशिक्षणार्थियों का प्रदर्शन, टर्नआउट एवं जोश देखने लायक था तथा निम्नलिखित प्रशिक्षणार्थी पूरे बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों/विषयों में सर्वोत्तम कैडेट चुने गये जिनको मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देकर कहा कि आपका स्मार्ट टर्नआउट एवं ड्रिल, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर में प्राप्त किये गये उच्च दर्जे के व्यावसायिक प्रशिक्षण व आत्मविश्वास को दर्शाता है । आपके प्रदर्शन का स्तर व प्रशिक्षण में दी गई शिक्षा को देखकर, प्रतीत होता है कि आप अपनी लगन, मेहनत, समर्पण एवं कठिन परिश्रम की बदौलत सीमा सुरक्षा बल का नाम रोशन करेंगे। मुख्य अतिथि ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर, इन प्रशिक्षणार्थियों के गौरवान्वित माता-पिता को भी बधाई दी जिनकी प्रेरणा एवं त्याग की बदौलत ये सभी इस मुकाम पर पहुंचे हैं साथ ही महानिरीक्षक एवं संस्थान के अनुदेशकों की समर्पित टीम को भी बधाई दी जिन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को एक निर्भीक, साहसी एवं कार्य कुशल सीमा प्रहरी बनाने में अथक परिश्रम किया है। अन्त में, मुख्य अतिथि ने पुनः सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनकी शानदार दीक्षांत परेड और बुनियादी प्रशिक्षण के सफल समापन पर हार्दिक बधाई दी एवं साथ ही सीमा सुरक्षा बल में पदस्थ बटालियन/मुख्यालय में उनके सुनहरे एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शहर के पार्क, डिवाइडरों के साथ ही जालियों के गमलों को बनाया जा रहा है आकर्षक

ग्वालियर। साफ, सुंदर व स्वच्छ ग्वालियर के लिए नगर निगम के प्रत्येक विभाग द्वारा अपना अपना योगदान दिया जा रहा है तथा निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी निरंतर मॉनीटरिंग कर शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। निगम के पार्क विभाग द्वारा शहर के डिवाइडरों, चौराहों पर पौधे लगाकर निरंतर उनकी



मॉनीटरिंग की जा रही है तथा नालों के उपर लगी जालियों के गमलों की भी लगातार देखभाल एवं उनमें पानी आदि डालने का कार्य किया जा रहा है। नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में पार्क विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर शहर के पार्कों, चौराहों, तिराहों एवं डिवाइडरों को हरा-भरा व आकर्षक बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें पार्क में हॉटीकल्चर के साथ ही डिवाइडरों पर निरंतर पौधे लगाए जाकर उनकी देखभाल की जा रही है। इसके साथ ही शहर सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के विभिन्न नालों के उपर लगाई गई जालियों पर सुंदर गमले लगाए गए हैं तथा सभी गमलों में पौधे लगाए जाकर उनकी निरंतर देखभाल की जा रही है। सहायक पर्यवेक्षक श्री राजकुमार नागर द्वारा मेलारोड, गोले के मंदिर,, आकाशवाणी के साथ ही सिटीसेंटर आदि क्षेत्रों में डिवायडरों के पौधों की निरंतर देखभाल कर पानी इत्यादी डलवाया जा रहा है तथा जहां भी पौधा सूखता है, तो तत्काल नया पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा के साथ ही सिंचाई आदि की व्यवस्था की जा रही है।

## छावनी क्षेत्र मुरार की सर्वेक्षण रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजें- श्री भारत सिंह कुशवाह

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने की सर्वेक्षण की समीक्षा

ग्वालियर। छावनी क्षेत्र ( केंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र) की बस्तियों में सेना, राजस्व एवं निजी जमीन का सीमांकन व सर्वे का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) और क्षेत्रीय विधायक श्री भारत सिंह ने गुरुवार को इस संयुक्त सर्वे की समीक्षा कर वस्तुस्थिति जानी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजें, जिससे छावनी क्षेत्र मुरार की सभी बस्तियों के निवासियों को केन्द्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके।



ज्ञात हो छावनी क्षेत्र मुरार में सेना एवं राजस्व भूमि के सीमा विवाद के समाधान के लिए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह विशेष रूप से प्रयासरत हैं। उन्हीं की पहल पर सेना, राजस्व अधिकारी एवं केंटोनमेंट बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा सम्पूर्ण छावनी क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया है।

गुरुवार को सर्वेक्षण की समीक्षा के दौरान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने निर्देश दिए कि छावनी क्षेत्र की बस्तियों के निवासियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा सेना व राजस्व भूमि का सीमा विवाद का समाधान सर्वेक्षण के माध्यम से हो रहा है। इससे छावनी क्षेत्र की बस्तियों में तेजी के साथ बुनियादी सुविधाओं विस्तार होने के साथ-साथ विकास के अन्य नए आयाम स्थापित होंगे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह द्वारा की गई सर्वेक्षण की समीक्षा के दौरान केंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी, तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## स्वच्छता सिटीजन फीडबैक में शहरवासी करें सहयोग तो हम आएंगे नम्बर 1: निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज गुरुवार को बालभवन में आयोजित विद्युत बिल माफी राहत योजना 2022 में शामिल हुए सैकडों विद्युत उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण् 2022 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 चल रहा है तथा स्थलों के निरीक्षण के साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से भी सभी शहरों के नागरिकों से ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक भी लिया जा रहा है जो कि स्वच्छता की उच्च रैंकिंग निर्धारित करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान में नगर निगम ग्वालियर स्वच्छता सिटीजन फीडबैक में मध्य प्रदेश में दूसरे नम्बर पर है तथा इसे प्रदेश के साथ ही देश में नम्बर 1 बनाने के लिए शहरवासियों के सहयोग की आवश्यता है, यदि शहर के नागरिक अपना सिटीजन फीडबैक देकर छोटा से सहयोग करेगें तो हमारा ग्वालियर स्वच्छता रैंकिग में उंची छलांग लगाएगा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा पूरी मेहनत व प्रयास के साथ ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें शहर के नागरिकों का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है। अब स्वच्छता सिटीजन फीडबैक भी इसी सर्वेक्षण का एक महत्वपूर्ण घटक है जिसमें अभी वर्तमान में 25118 सिटीजन फीडबैक के साथ ग्वालियर प्रदेश में दूसरे नम्बर पर लीड कर रहा है। हमें अपने शहर ग्वालियर को देश का नम्बर 1 स्वच्छ शहर बनाने के लिए स्वच्छता सिटीजन फीडबैक में भी नम्बर 1 बनना होगा। इसमें शहर के नागरिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सभी शहरवासी वोट फॉर योर सिटी मोबाइल एप्प के माध्यम से अपने शहर का स्वच्छता फीडबैक देकर शहर को नम्बर 1 बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## रामनवमी पर एक लाख दीपों से मनेगा दीपोत्सव

### दोपहर 12 बजे होगा भव्य जन्म उत्सव

रावतपुरा/लहार/भिंड। अनन्त विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज ''रावतपुरा सरकार'' के पावन सानिध्य में रामनवमी पर राम जन्म महोत्सव का भव्य आयोजन 10 अप्रैल को रावतपुरा धाम में होगा। मुख्य समारोह दोपहर 12 बजे होगा जिसमें भव्य स्वरूप के साथ प्रभु राम का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। रावतपुरा धाम परिसर को इस आयोजन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। आयोजन में लाखों भक्तों के शामिल होने के आसार है। आयोजन की भव्यता के दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन ने भी सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का आज अवलोकन किया। कोरोना के बाद आयोजित होने जा रहे इस जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए आयोजकों ने भी विशेष प्रबंध किए है। इस समारोह की शुरुआत 4 अप्रैल को गणगौर महोत्सव के साथ हो चुकी है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478